* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 316

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


पीएम मोदी ने एक भी दिन छुट्टी नहीं ली:2014 में संभाली थी सत्ता, तबसे लगातार काम कर रहे, आरटीआइ से खुलासा








# डुमरी में उपचुनाव आज सुबह 7 बजे से मतदान




आजाद सिपाही संवाददाता

- प्रशासनिक तैयारी पूरी, 2.98 लाख मतदाता डाल सकेंगे वोट

**डुमरी/रांची।** डुमरी विधानसभा में मंगलवार को उपचुनाव है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा। इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस क्षेत्र में 2,98,629 मतदाता हैं। इनमें पुरुष 1,54,452 और महिला 1,44,174 हैं। डुमरी विस क्षेत्र में 1,39,031 मतदाता हैं, जिनके लिए कुल 373 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। डुमरी प्रखंड क्षेत्र में 199, नावाडीह प्रखंड में 129 और चंद्रपुरा प्रखंड में 45 बूथ बनाये गये हैं। 240 भवनों में यह मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। इसमें तीन सखी मतदान केंद्र होंगे, जबकि 10 बूथ को मॉडल बूथ बनाया गया है। मतदाता शाम 5 बजे तक वोट डाल सकेंगे। उपचुनाव में कुल 6 प्रत्याशी मैदान में हैं। हालांकि मुकाबला झामुमो की बेबी देवी और आजसू की यशोदा देवी के बीच ही है। मतगणनना 8 सिंतबर को होगी।

जानकारी के अनुसार सभी 373 बूथों पर वेब कॉस्टिंग की व्यवस्था रहेगी। कंट्रोल रूम से इन बूथों को लाइव देखने की व्यवस्था की गयी है। इन बूथों पर 1492 कर्मी की तैनाती की गयी है, जबकि 148 कर्मी रिजर्व में रहेंगे। प्रत्येक बूथ पर एक-एक पीठासीन पदाधिकारी तैनात रहेंगे, जबकि तीन पोलिंग अफसर सहयोग करेंगे। इन मतदान कर्मियों को तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया गया है। सभी संवेदनशील बूथों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गयी है। निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव के लिए 31 सेक्टर बनाये गये हैं, जिसके लिए 31 पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। 15 जोनल दंडाधिकारी होंगे, जबकि तीन सुपर जोनल दंडाधिकारी को भी प्रतिनियुक्त किया गया है।

## बिना भय खुल कर करें मतदान : के रवि कुमार



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने डुमरी उपचुनाव में निर्भीक होकर मतदाताओं से खुल कर मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव निर्वाचन क्षेत्र में मतदान को लेकर अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने निजी नियोक्ताओं से भी अपील करते हुए कहा है कि मतदान ही हमारे लोकतंत्र का आधार है, इसलिए अपने शत-प्रतिशत कर्मियों को मतदान हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट है। हर तरह की तैयारियां पूरी कर ली गयीं हैं। सभी मतदाताओं से अपील है कि वे बिना किसी भेदभाव , प्रलोभन और दबाव में आये अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में डमी बैलेट पेपर की विशेष व्यवस्था करवायी गयी है। इसके अलावा पैर से दिव्यांग मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में व्हीलचेयर की व्यवस्था भी जिला प्रशासन ने करवायी है। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। संवदेनशील मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति करायी गयी है। 80 साल से अधिक उम्र और शारीरिक रूप से नि:शक्त मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से मतदान की व्यवस्था करायी गयी है। उन्होंने बताया कि सभी 373 मतदान केंद्रों पर सभी न्यूनतम जरूरी सुविधाएं भी सुनिश्चित करवायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि पिछली बार 2019 के विधानसभा चुनाव में इस विधानसभा क्षेत्र में 69.75% मतदान प्रतिशत रहा था। मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए इस बार पहले की अपेक्षा बेहतर मतदान करें।

### सीएम ने 17739 लाख रुपये की 76 योजनाओं की दी सौगात

# किसानों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाया जायेगा : हेमंत

- 5531 लाभुकों के बीच 72 करोड़ 10 लाख 58 हजार 400 रुपये की परिसंपत्तियों का किया वितरण



सुनील कुमार गौतम

**बरहेट (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरने ने कहा है कि राज्य की जनता के साथ सरकार पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। परिस्थितियां कैसी भी हों, हर वर्ग और हर तबके के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। सभी का उत्थान हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री सोमवार को साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड स्थित सिमलढाब में विकास मेला सह जनता दरबार को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं को आप तक पहुंचाने का काम हो रहा है। आप भी आगे आयें और इन योजनाओं से जुड़ें। जब सरकार और जनता एक साथ आगे बढ़ेगी, तो राज्य भी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

### राज्य में रोजगार के खुल चुके हैं द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार ने सभी दरवाजे खोल दिये हैं। लगभग 40 हजार सरकारी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जो स्वरोजगार करने के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद उपलब्ध करायी जा रही है। युवाओं के हुनर को निखारने के लिए प्रखंड स्तर पर बिरसा केंद्र खोले गये हैं, ताकि यहां से प्रशिक्षण लेकर वे आत्मनिर्भर बनने की राह पर आगे बढ़ सकें।

### मौसम के रुख पर सरकार की पैनी नजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष भी मॉनसून का अलग रुख देखना पड़ रहा है। किसी इलाके में अच्छी बारिश हो रही है, तो कहीं कम और कहीं सुखाड़ की स्थिति है। सरकार की मौसम के बदलते रुख पर पैनी नजर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। हम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार दे रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च सरकार वहन कर रही है। बुजुर्गों और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन दे रहे हैं। आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं बचा है, जिसके लिए योजनाएं ना हों।

### अधिकारी गांव गांव जायेंगे, बनेगा कैलेंडर

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अधिकारियों को गांव-गांव जाना होगा। इसके लिए एक कैलेंडर बनेगा। गांव जाकर अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे और उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ेंगे। सरकार और जनता के बीच सीधा संबंध और बेहतर से बेहतर समन्वय बनाने की दिशा में ये कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और एकल महिलाओं को पेंशन देने का काम कर रहे हैं। हम इसी बात पर विश्वास करते हैं कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी है और इस अधिकार से किसी को वंचित नहीं किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें

मुख्यमंत्री ने 17739.737 लाख रुपये की 76 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसके अलावा 5531 लाभुकों के बीच विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 72 करोड़ 10 लाख 58 हजार 4 सौ राशि की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कु और साहिबगंज के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### खड़गे ने 16 सितंबर को नवगठित सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलायी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 16 सितंबर को हैदराबाद में नवगठित सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलायी है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि 17 सितंबर को सभी प्रदेशों के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक भी होनी है। इसी दिन एक रैली भी होगी।

### विक्रम लैंडर स्लीप मोड में गया, 22 सितंबर से काम करेगा शुरू

बेंगलुरु। चांद पर विक्रम लैंडर सोमवार सुबह 8 बजे स्लीप मोड में चला गया। ये जानकारी इसरो ने दी है। इससे पहले पेलोड चास्टे, रंभा-एलपी और इल्सा ने नयी लोकेशन पर काम किया और धरती से डेटा रिसीव किये। अब पेलोड भी स्विच ऑफ हो गये हैं। हालांकि लैंडर के रिसीवर्स काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि विक्रम 22 सितंबर को दोबारा अपना काम शुरू कर देगा।

### उदयनिधि का सिर कलम करनेवाले को 10 करोड़ देने की घोषणा

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने 2 सितंबर को सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही थी। अयोध्या के संत परमहंस आचार्य ने सोमवार को उनके बयान पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि जो उदयनिधि का सिर कलम करके लायेगा, उसे 10 करोड़ रुपये का इनाम मिलेगा। इस दौरान उन्होंने उदयनिधि के पोस्टर पर तलवार चलायी।

### द कोल बियरिंग एरिया (एक्यूजिशन एंड डेवलप्मेंट) एमेंडमेंट बिल पर सरकार ने रखा पक्ष

# झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकारों का होगा हनन

- कोयला मंत्रालय के बिल पर राज्य सरकार ने भेजा अपना मंतव्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय के द कोल बियरिंग एरिया (एक्यूजिशन एंड डेवलप्मेंट) एमेंडमेंट बिल 2023 पर अपना मंतव्य रखा है। खान एवं भूतत्व विभाग ने अपना पक्ष कोयला मंत्रालय को भेज दिया है। सरकार का मानना है कि कोयला मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित बिल के प्रावधानों में कई अनुचित बदलाव किये गये हैं। इन बदलावों से राज्य को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। यह बदलाव जनभावना के अनुरूप नहीं है, बल्कि यह विकास विरोधी बदलाव है, जिसका झारखंडवासियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकारों का हनन होगा।


### इन बिंदुओं पर आपत्ति जतायी है:

- केंद्र सरकार के द्वारा खनन पट्टा की अवधि खान का संपूर्ण जीवन काल प्रस्तावित है, जो खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम एवं खनिज समनुदान नियमावली के विपरीत है।
- प्रस्तावित संशोधन में खनन पट्टा की अवधि खान का संपूर्ण जीवन काल होने के कारण सरकारी कंपनियों को कोयला खनिज के खनन पट्टा की स्वीकृति/ अवधि विस्तार के मामलों में राज्य सरकार को अतिरिक्त राशि की प्राप्ति नहीं हो पायेगी।
- प्रस्तावित संशोधन के द्वारा मूल अधिनियम के उद्धेश्य प्रस्तावना, लक्ष्य एवं कारणों को कमजोर करते हुए सरकारी कम्पनियों हेतु अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को अनेकों आधारभूत परियोजनाओं हेतु दिया जाना है।
- भारतीय संविधान की 05वें अनुसूची के तहत आदिवासियों और मूलवासियों की भूमि को प्रदत्त सुरक्षा एवं अधिकार से वंचित करते हुए सरकारी कंपनियों के लिए अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को अनेकों आधारभूत परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान प्रस्तावित है। द कोल बियरिंग एरिया (एक्यूजिशन एंड डेवलप्मेंट) एक्ट 1957 के तहत सरकारी कम्पनियों के लिए अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को आधारभूत परियोजनाओं हेतु उपलब्ध कराये जाने से आदिवासियों/मूलवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर अतिक्रमण होगा।
- मूल अधिनियम की धारा-13 एवं 17 में प्रस्तावित संशोधन से भूमि मालिकों को प्रदत्त अधिकारों का हनन होगा।

## देश के टॉप वकील हरीश साल्वे ने की तीसरी शादी



**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल और सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने 68 साल की उम्र में ब्रिटिश महिला ट्रिना से लंदन में शादी की। इस हाई प्रोफाइल शादी में उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी ने भी शिरकत की। आइपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी भी समारोह में पहुंचे थे। इनके अलावा रिसेप्शन में सुनील मित्तल, एलएन मित्तल, एसपी लोहिया, गोपी हिंदुजा सहित कई दूसरे बड़े बिजनेसमैन भी मौजूद रहे। इस शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। गौरलतब है कि हरीश साल्वे देश के सबसे महंगे वकीलों में से एक हैं। इन्हें 2015 में पद्म भूषण अवॉर्ड मिला। वह 1999 से 2002 तक देश के सॉलिसिटर जनरल रहे।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 05 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# नये 'औरंगजेब' बन कर सामने आये हैं उदयनिधि स्टालिन

## ■ सनातन धर्म को खत्म करना चाहते हैं एमके स्टालिन के पुत्र
## ■ एमके स्टालिन आइएनडीआइए समन्वय समिति के सदस्य हैं
## ■ मोहब्बत बांटनेवालों के बीच नफरत की दुकान खोलने की कोशिश
## ■ आखिर उदयनिधि, खड़गे, स्वामी और चंद्रशेखर को क्यों है सनातन से चिढ़

**आजाद सिपाही विशेष**

इतिहास गवाह है, जिसने भी सनातन को चुनौती दी, वह खुद चनौती बन गये। जिसने भी सनातन को खत्म करना चाहा, उनका वजूद ही मिट गया। आज फिर से सनातन को खत्म करने की बात हो रही है और इस बार खत्म करने की बात कर रहे हैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और आइएनडीआइए के प्रमुख नेता एमके स्टालिन के पुत्र और उनकी सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन। उन्होंने कहा है कि सनातन का सिर्फ विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इसे समाप्त ही कर देना चाहिए। उन्होंने कहा है कि कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें खत्म करना है और हम सिर्फ विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते। हमें उन्हें खत्म करना है। सनातन भी ऐसा ही है। उदयनिधि ने सनातन धर्म के खिलाफ विष वमन कर पूरे देश में एक नया विवाद पैदा कर दिया है। वास्तव में पिछले कुछ दिनों से सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी करना गैर भाजपाई दलों के कुछ नेताओं का सबसे प्रिय शगल बन गया है। उन्हें लगता है कि सनातन धर्म के खिलाफ अनाप-शनाप बोल कर वे जनता में लोकप्रिय हो जायेंगे और अल्पसंख्यकों का समर्थन हासिल कर लेंगे। सनातन धर्म को दुनिया का सबसे पुराना धर्म माना जाता है। इसकी खासियत यह है कि यह धर्म धीर-गंभीर और सहनशील है, लेकिन समय गुजरने के साथ सनातन धर्मावलंबियों की सहनशीलता जवाब देने लगी है। उन्हें समझ में आने लगा है कि वे अब नहीं जगे, तो आगे उनके लिए बड़ी मुसीबत होनेवाली है। उन्हें समझ में आ गया है कि सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने की परिपाटी पर सख्ती से रोक लगाने की जरूरत है। लेकिन आइएनडीआइए के कुछ नेताओं को शायद अब भी समझ में नहीं आया है कि इस तरह की बयानबाजी से न उनकी पार्टी को फायदा होगा, न समाज को। आखिर उनके एजेंडे में क्या है, इसे समाज को समझना भी बहुत जरूरी है। एक तरफ राहुल गांधी कहते हैं, हम मोहब्बत बांटने निकले हैं, लेकिन नफरत की दुकान तो उन्ही के सहयोगियों ने खोल रखी है। सनातन धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के इस विवाद के असर के बारे में बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

**तमिलनाडु** के द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को खत्म करने की बात की है। उन्होंने इसे डेंगू-मलेरिया करार दिया। उदयनिधि स्टालिन द्रमुक के प्रथम परिवार से आते हैं। उनके दादा करुणानिधि 1969 से 2011 के बीच पांच बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे, द्रमुक की स्थापना की। आज उदय के पिता और करुणानिधि के बेटे एमके स्टालिन राज्य के मुख्यमंत्री हैं। उस सरकार में उदयनिधि युवा एवं खेल मामलों के मंत्री हैं। साथ ही वह द्रमुक की युवा शाखा के सचिव भी हैं। अभिनेता भी रहे हैं, अब फिल्म निर्माता हैं। कुल मिला कर सीधे शब्दों में कहें तो उदयनिधि स्टालिन द्रमुक का भविष्य हैं। 71 वर्ष के हो चुके उनके पिता उन्हें इसके लिए तैयार भी कर रहे हैं। करुणानिधि का साम्राज्य लंबा-चौड़ा है। 50 वर्षों से भी अधिक समय में उन्होंने अपने परिवार को राजनीति से लेकर उद्योग तक में अच्छी तरह सेट किया था। परिवार के लोग सांसद-विधायक से लेकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री तक रहे हैं। तमिलनाडु का 'सन ग्रुप' भी इसी परिवार का है। इसके मालिक दयानिधि मारन, करुणानिधि के भांजे के बेटे हैं।

अब बात धर्म पर विवादित बयान की। अगर कोई बड़ा से बड़ा नेता भी इस्लाम या इसाई मजहब को लेकर कोई बयान दे दे, तो उसे निकालने में कोई भी पार्टी देरी नहीं करेगी। लेकिन इन पार्टियों में सुप्रीमो परिवार के लोग भी हिंदू धर्म को खुलेआम गालियां बकते हैं, क्योंकि यही उनके लिए सॉफ्ट टारगेट है और अपने वोट बैंक को एकजुट करने का तरीका भी। अगर दंगे भड़क जायें, तो ये नेता उस पर अपनी सियासत की रोटियां सेंकेंगे।

### तमिलनाडु की हिंदू विरोधी द्रविड़ राजनीति का भविष्य उदयनिधि

अब वापस आते हैं उदयनिधि स्टालिन के बयान पर। यह हो सकता है कि उनके बयान को पहली बार राष्ट्रीय चर्चा मिल रही हो, लेकिन द्रविड़ नेताओं द्वारा हिंदू धर्म को लेकर इस तरह की बयानबाजी नयी नहीं है। तमिलनाडु में पेरियार और अन्नादुरई को द्रविड़ राजनीति का जनक माना जाता है। ब्राह्मणों को गाली देकर खुद को लोकप्रिय बनानेवाले पेरियार को भारत की आजादी भी पसंद नहीं थी, क्योंकि उनका मानना था कि अंग्रेज ब्राह्मण-बनियों के हाथ में सत्ता सौंप कर जा रहे हैं। तभी उनके अनुयायियों ने 15 अगस्त, 1947 को 'शोक दिवस' मनाया था। इतना ही नहीं, उन्होंने दक्षिण भारत को अलग देश की मान्यता देने के लिए भारत को खंडित कर 'द्रविड़नाडु' बनाये जाने की मांग भी की थी। वहीं तमिल सिनेमा को पहली बार राजनीतिक प्रोपगंडा के रूप में इस्तेमाल करनेवाले अन्नादुरई भी पेरियार के ही चेले थे, लेकिन अलग देश के मुद्दे पर उनकी अपने ही मेंटर से ठन गयी थी। वह तमिलनाडु के सीएम बननेवाले पहले द्रविड़ नेता थे। उनके नाम पर ही अभिनेता एमजीआर ने अन्नाद्रमुक बनायी। द्रविड़ राजनीति का एक अहम हिस्सा हिंदू विरोध बन गया।



तमिलनाडु में द्रमुक और कांग्रेस एक साथ मिल कर सरकार चला रही हैं। नये विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में भी द्रमुक सुप्रीमो एमके स्टालिन को समन्वय समिति में रखा गया है। नीतीश कुमार जब विपक्षी एकता की पहल कर रहे थे, तब वह स्टालिन से मिलने चेन्नई भी गये थे। इसी तरह उनके जन्मदिन के कार्यक्रम में भोज खाने के लिए बिहार के उप-मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। कांग्रेस पार्टी ने उदयनिधि स्टालिन के बयान की कोई निंदा नहीं की है। शायद कांग्रेस की भी यही रणनीति हो।

### सनातन धर्म को लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे भी कर चुके हैं गलतबयानी

इसकी आशंका इसीलिए भी व्यक्त की जा सकती है, क्योंकि पार्टी में मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है। खड़गे का एक बयान भी कुछ इसी तरह का था, जिसमें उन्होंने कहा था, और ऐसे मोदी जी को और शक्ति मिलेगी देश में, तो समझो फिर इस देश में सनातन धर्म और आरएसएस की हुकूमत आयेगी। उन्होंने 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान यह बयान दिया था। मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके मंत्री बेटे प्रियांक खुद को बौद्ध धर्म का अनुयायी बताते हैं। खुद को बीआर आंबेडकर का फॉलोअर बताते हैं।

वैसे तो बौद्ध धर्म सनातन का ही एक अंग है, लेकिन आजकल एक 'नव बौद्धों' की टोली सामने आयी है, जो हिंदू धर्म को गाली देने को ही बौद्ध धर्म मानती है, जबकि रामायण से लेकर हिंदू पुराणों की अन्य कथाएं भी बौद्ध धर्म में अलग-अलग रूपों में मिल जाती हैं। मलिकार्जुन खड़गे को इन्हीं 'नव बौद्धों' में गिना जा सकता है। खुद राहुल गांधी के सोशल मीडिया हैंडलों में रामनवमी-जन्माष्टमी की शुभकामनाओं में श्रीराम-श्रीकृष्ण की तस्वीर रहती ही नहीं है। ऐसे में एक हिंदू विरोधी को पार्टी की कमान देना आश्चर्यजनक नहीं था।

उदयनिधि स्टालिन की बात करें, तो वह खुद को नास्तिक बताते रहे हैं, लेकिन दिसंबर 2022 में उन्होंने खुद को न सिर्फ 'गर्वित इसाई' करार दिया था, बल्कि यहां तक कहा था कि संघी यह जान कर जलेंगे। अब वह सनातन धर्म के खात्मे की मंशा से होनेवाले कार्यक्रमों में सनातन धर्म को भला-बुरा कह रहे हैं। उनकी पत्नी कीरुतिगा इसाई हैं। 2020 में उनकी बेटी की तस्वीर भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ आ गयी थी, जिसके बाद उदयनिधि स्टालिन को सोशल मीडिया पर सफाई देनी पड़ी थी कि वह और उनकी पत्नी नास्तिक हैं।

इस सबसे यही पता चलता है कि देश में एक प्रकार की साजिश चल रही है कि पूरे देश में लोग हिंदुओं से घृणा करने लगें, सनातन धर्म को गालियां बकने लगें। ऐसे में सहज सवाल पैदा होता है कि क्या देश की राजनीति में यह एक 'नया नॉर्मल' स्थापित किया जा रहा है? अब तक तो यही लगता है। सिर्फ मल्लिकार्जुन खड़गे और उदयनिधि स्टालिन ही नहीं, कुछ और नेताओं के बयान भी ऐसे ही हैं।

### सनातन धर्म को गाली देनेवाले बयान अब 'न्यू नॉर्मल'

हाल के दिनों में सबसे ज्यादा चर्चा में रहनेवाले नेताओं में समाजवादी पार्टी के स्वामी प्रसाद मौर्य भी हैं, जिन्होंने तुलसीदास और रामचरित मानस के लिए बार-बार विवादित शब्दावली का इस्तेमाल किया। अब उन्होंने कह दिया है कि हिंदू नाम का कोई धर्म ही नहीं है। यह ब्राह्मण धर्म है। उन्होंने हिंदू धर्म को धोखा बता दिया। इसी तरह बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव, जो प्रोफेसर होने के बावजूद विधानसभा में शब्दों को ठीक से नहीं बोल पाते, ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों के मन में रामचरित मानस को लेकर जहर भरा। विपक्षी बैठक में शामिल होने मुंबई पहुंचीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तिलक लगवाने से इनकार कर दिया। कुछ दिनों पहले उन्होंने नजरुल इस्लाम को महाभारत का लेखक बताया था। जैसा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है, सच में ऐसा है कि नेताओं में खुद को हिंदू विरोधी दिखाने की एक होड़ सी लग गयी है। शायद विपक्षी गठबंधन का नेता बनने के लिए यही योग्यता तय की गयी हो। इसी पैमाने पर नापा जाये सबको। अब देखना यह है कि हिंदू विरोध का यह क्रम कहां जाकर रुकता है।

---

# सनातन का समूल नाश करने के बयान पर स्टैंड स्पष्ट करें हेमंत: बाबूलाल

## कहा: स्टालिन के बेटे के बयान से इंडिया गठबंधन का मुख्य एजेंडा आया सामने

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के तहत बरही पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर जम कर हमला बोला। खोरठा भाषा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सनातन धर्म का समूल नाश करनेवालों के साथ खड़े हैं। मुंबई में हुई डॉट इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे के बयान से इनका एजेंडा सामने आ गया है। मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी गठबंधन हताशा में है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति खत्म करने के बयान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपना स्टैंड क्लीयर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हेमंत राज में झारखंड का विकास तो नहीं हुआ, बल्कि कानून व्यवस्था चौपट हो गयी। प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, दुष्कर्म, अपहरण की घटना से झारखंड भयभीत है। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था, वह वसूली में लीन है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। अंचल, ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसा कोई काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त प्रदेश बनाना है, तो झारखंड से हेमंत सरकार को हटाना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से योजनाएं भेज रहे हैं, किंतु हेमंत सोरेन सरकार उसमें भी बंदरबांट कर देती है। इडी के समक्ष उपस्थित होने से हेमंत सोरेन कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर-पोस्टिंग और योजनाओं में पैसा लेना बंद हो जाये, तो भ्रष्टाचार खुद समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की हर घर में नल से जल योजना झारखंड में फेल हो गयी। उन्होंने कहा कि अटल जी ने झारखंड राज्य के सपने को साकार किया था। इस प्रदेश को संवारने का कार्य भी भाजपा ही करेगी। उन्होंने 2024 में केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया।



### हेमंत को हटाना है, बाबूलाल को लाना है: जयंत सिन्हा

संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ का संकल्प लेना है। हेमंत को हटाना है, बाबूलाल को लाना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय कांग्रेस के विधायक के माध्यम से कोयला, बालू, गाय, अफीम, शराब की तस्करी हो रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने बरही विधानसभा को वंदे मातरम ट्रेन, अस्पताल, कृषि अनुसंधान रिसर्च सेंटर समेत अनेक योजनाएं दी हैं।

### केंद्र में मोदी और राज्य में मरांडी की सरकार बनानी है: मनोज यादव

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने स्थानीय विधायक पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक के संरक्षण में जनवितरण प्रणाली में धांधली हो रही है। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा में अवैध कारोबार का सेंटर खुल गया है। विधायक और विधायक पुत्र मिल कर नकली शराब, ब्राउन सुगर, गौ तस्करी, करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी और झारखंड में बाबूलाल की सरकार बनानी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष अशोक यादव, संचालन संयुक्त रूप से प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी और ज़िला उपाध्यक्ष राजेश सहाय और धन्यवाद ज्ञापन ज़िला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, पूर्व सांसद रविंद्र राय, संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के संयोजक और विधायक केदार हाजरा, नागेंद्र महतो, योगेंद्र प्रताप सिंह प्रदेश मीडिया सह प्रभारी, टुन्न गोप, केपी शर्मा, कोडरमा जिलाध्यक्ष नीतेश चंद्रवंशी, सुनील सहाय, बटेश्वर मेहता, भैया बांके बिहारी सहित सभी छह मंडल के कार्यकर्ता और काफी संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

# घर में घुस कर पुलिस की जांच से नाराज हैं सांसद चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी फुसरो मकोली स्थित उनके आवास में पुलिस की जांच के बाद से नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार के इशारे पर यह सब कुछ हो रहा है। उन्होंने निर्वाचन आयोग को शिकायत भेजने की बात कही है।

### डुमरी में भाजपा कार्यकर्ता का अपहरण कर मारपीट

उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक परंपरा और मापदंडों के विरुद्ध सरकार काम कर रही है। सांसद ने कहा कि रविवार को ही डुमरी में भाजपा के कार्यकर्ता का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की गयी।

### वह होते तो उनके साथ होता दुर्व्यवहार

सांसद ने कहा कि खुलेआम झामुमो के नेता गुंडागर्दी पर उतारू हैं, पर डुमरी की जनता देख रही है। गांव के लोगों के लिए चार वर्ष में एक काम नहीं करनेवाली सरकार के लोग जबरन जनता का वोट लूटना चाहते हैं, पर हम सभी के साथ जनता है। उन्होंने कहा कि वे यदि अपने आवास में होते, तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार होता। यदि यह नियमित जांच थी, तो सत्ता पक्ष के किस नेता और किस विधायक के घर पुलिस पहुंची, यह भी बताना चाहिए। रामगढ़ की तरह यह डुमरी का चुनाव परिणाम होनेवाला है। पूरी सरकार की मशीनरी लगने के बाद भी जनता का मूड नहीं बदल सकती है। जनता भगवान है और और सरकार के कुकर्म का हिसाब इवीएम पर बटन दबा कर देगी।







वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.6 °C | 23.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.32 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 05 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# हरमू मैदान में दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता 6 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति हरमू की ओर से 6 सितंबर को हरमू मैदान में दही-हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम प्रभारी इंद्रजीत यादव ने सोमवार को बताया कि जन्माष्टमी 6 सितंबर को ही मनायी जायेगी। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दी जायेगी।

कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू होगा। दही से भरी हांडी पुरुषों के लिए 20 फीट और महिलाओं के लिए 18 फीट होगी। विजेता गोविंदा की टीम को शील्ड के साथ 51,000 दिये जायेंगे। प्रतियोगिता में 20 की संख्या में गोविंदा भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि दही-हांडी प्रतियोगिता के बाद रात 10 बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम होगा। 6 सितंबर को ही सुबह प्रभातफेरी निकाली जायेगी और स्थानीय लोगों को इसमें भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जायेगा। छोटे बच्चों के लिए रैंप शो का भी आयोजन किया जायेगा। सर्वश्रेष्ठ सजावट वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतिभागी टीमों को सांत्वना पुरस्कार और शील्ड दिया जायेगा।

# किसानों को दूध बिक्री पर तीन रुपये अधिक मिलेगा: हेमंत

**मुख्यमंत्री ने 15947.12 लाख रुपये की लागत वाले 114 योजनाओं की गोड्डा जिला वासियों को दी सौगात, 1257 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सुंदरपहाड़ी/गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज प्रदेश के किसान सीमित संसाधन में मेहनत कर रहे हैं। मैंने देखा कि कम बारिश की वजह से बुआई कम हुई है, इसे ध्यान में रख कर सरकार की जो भूमिका होगी, हम उसे किसान हित में जरूर निभायेंगे। आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सपना रहा है कि राज्य के हर किसान के खेत में पानी हो, गुरुजी का सपना पूरा होगा। आने वाले दिनों में सरकार जल्द ही पाइप लाइन के जरिये किसानों के खेतों तक पानी उपलब्ध करायेगी। सरकार प्रयासरत है कि किस प्रकार गंगा नदी का पानी खेतों तक पहुंचे। इस निमित्त राज्य सरकार नयी तकनीक के माध्यम से रास्ता निकालने का काम करेगी। किसानों को दुग्ध बिक्री पर तीन रुपये अधिक मूल्य फेडरेशन की तरफ से मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार ने कानून बनाया है कि राज्य में जो भी उद्योग लगेंगे, उसमें राज्य के 75% स्थानीय लोगों को रोजगार सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री सोमवार को गोड्डा के सुंदरपहाड़ी में योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास, नियुक्ति पत्र और परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी पदाधिकारियों ने कैंप लगा कर आमजनों की समस्याओं को सुना। आज राज्य के बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग पेंशन से अछूता नहीं है। मुफ्त कोचिंग के माध्यम से राज्य के बच्चे कोचिंग का लाभ उठा रहे हैं। राज्य के सभी वर्ग के बच्चों को समान शिक्षा मिले, इस पर भी सरकार प्रयासरत है। उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहे हैं। आज आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग के बच्चे विदेश में पढ़ाई कर रहे है। यही नहीं, विदेश में पढ़ाई के साथ-साथ वहां नौकरी भी कर रहे हैं।


मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके मान-सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो -झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। इन योजनाओं से आप जुड़ें और फायदा उठायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पढ़ाई का सारा खर्च उठायेगी। प्रतियोगिता-परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स की पढ़ाई के साथ-साथ विदेशों में भी उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। अध्यनरत छात्र-छात्राएं आप सभी लोग से अपील करता हूं कि आप सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

मुख्यमंत्री ने जेपीएससी द्वारा आयोजित की जानेवाली राज्य सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु गोड्डा जिले के 200 अभ्यर्थियों को डीएमएफटी मद से निःशुल्क कोचिंग प्रदान करने की जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने 15947.12 लाख रुपये की लागत वाली 114 योजनाओं की गोड्डा जिले को सौगात दी। वहीं, 1297 लाभुकों के बीच आज परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस मौके पर आयुक्त (संथाल परगना प्रमंडल) लालचंद डाडेल, डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त जीशान कमर, उप विकास आयुक्त अस्मिता टोपनो, जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**10 सितंबर को लोक जनशक्ति पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन, 6 एजेंडों पर होगी चर्चा** : रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) संगठन मजबूती और पार्टी के विस्तार की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में 10 सितंबर को निवारणपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन आहूत किया गया है। रांची जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि इस सम्मेलन में 6 एजेंडों पर चर्चा की जायेगी। चुनावी वर्ष आनेवाला है। साथ ही रांची महानगर में पार्टी को कैसे मजबूत बनाया जाये, इस पर मंथन होगा।


















## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में वित्त मंत्री ने जन सुनवाई की

# सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन पर अवैध कब्जे से मैं खुद दुखी हूं: डॉ रामेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जन सुनवाई की। इसमें फरियादियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की कोशिश की। मंत्री रामेश्वर उरांव की जन सुनवाई में सबसे अधिक मामले ऐसे लोगों से जुड़े थे, जो किसी न किसी मामले में पुलिस की भूमिका से परेशान हैं, वहीं दिव्यांग बेटी के वृद्ध पिता ने रोजगार की मांग को लेकर जन सुनवाई में फरियाद लगायी। वहीं चान्हो सीओ की गड़बड़ी से पीएम किसान सम्मान योजना से वंचित कर दिये गये एक कैंसर रोगी किसान भी अपनी फरियाद लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और अधीनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से जन-समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिया। जन सुनवाई कार्यक्रम में मंत्री के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान मीडिया से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में सीएनटी एक्ट होने के बावजूद आदिवासियों और पिछड़ों की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे से वह खुद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद हम लोगों को अधिकारियों पर ही भरोसा करना होगा और अपना हक और अधिकार नियमानुसार लेना होगा। जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची सहित गढ़वा, रामगढ़, धनबाद, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, गिरिडीह जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे, जिसमें वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, म्यूटेशन, बिजली, सड़क निर्माण, खरीदारी, जमीन पर अवैध कब्जा जैसी समस्याएं शामिल थीं।













## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने माखनचोर की भूमिका अदा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों ने लड्डू गोपाल के रूप को धारण कर सब का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने झूले में श्रीकृष्ण के बाल रुप को झूला झूलाकर माखन-मिसरी का प्रसाद वितरित किया। स्कूल प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवद्गीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते रहना चाहिए और फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली सहित अन्य उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल के चिकित्सक निजी नर्सिंग होम में कर रहे ऑपरेशन, जांच के आदेश

## डीसी ने डॉ राहुल बेरेलिया के खिलाफ सिविल सर्जन को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सदर अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सक अपने निजी लाभ के लिए मरीजों को लगातार सहलाने का काम करते हैं। ऐसा ही एक मामला सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉ राहुल बेरलिया को लेकर भी सामने आया है। ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ राहुल बेरलिया के खिलाफ डीसी चंदन कुमार ने जांच बिठा दिया है। डीसी ने सिविल सर्जन को एक पत्र भी सोमवार को लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि तत्काल डॉ राहुल बेरलिया को नोटिस जारी किया जाये।




**सदर अस्पताल में पदस्थापना के बाद डॉ बेरलिया ने एक भी सर्जरी नहीं की:** डीसी ने बताया कि उन्हें यह सूचना दी गयी है कि सदर अस्पताल में पदस्थापना के बाद डॉ बेरलिया ने एक भी सर्जरी नहीं की। जबकि इस समय का सदुपयोग उन्होंने अपने निजी अस्पताल बेरलिया नर्सिंग होम को चमकाने में दिया है। पिछले 1 वर्षों के दौरान उन्होंने लगभग 188 ऑपरेशन अपने निजी नर्सिंग होम में किये हैं। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि डॉ राहुल बेरलिया की नियुक्ति डीएमएफटी मध्य से आथोर्पेडिक विशेषज्ञ के रूप में की गयी थी। वे सदर अस्पताल में सर्जरी ना करके अपने निजी अस्पताल बेरलिया नर्सिंग होम में ही सर्जरी करते हैं। आयुष्मान भारत आरोग्य योजनांतर्गत उपलब्ध आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि डॉ राहुल बेरलिया ने अपने निजी अस्पताल बेरलिया नर्सिंग होम में 1 सितंबर 2022 से 31 आई 2023 तक की अवधि में कुल 188 सर्जरी किये हैं। जबकि इसी अंतराल में सदर अस्पताल में इनके द्वारा एक भी सर्जरी नहीं किया गया है। ऐसे में संबंधित चिकित्सक से कारणपृच्छा प्राप्त करते हुए प्रतिवेदित करें कि डीएमएफटी मद के अंतर्गत इस पद को चालू रखने की क्या कोई आवश्यकता बची है।

**बेरलिया नर्सिंग होम की होगी पूरी जांच:** देसी चंदन कुमार ने सिविल सर्जन दो महालक्ष्मी प्रसाद को यह आदेश जारी किया है कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट तथा क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट रूल के अंतर्गत बेरलिया नर्सिंग होम की पूरी जांच होगी। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि बेरलिया नर्सिंग होम में आयुष्मान भारत आरोग्य योजनान्तर्गत सर्जरी के लिए लाभ प्राप्त यह 188 मरीज क्या सदर अस्पताल में चिकित्सा प्राप्त करने आये थे।

**दलाल के माध्यम से तो काम नहीं कर रहे थे डॉक्टर राहुल बरेलिया:** डीसी के आदेश के बाद सिविल सर्जन इस बात का भी जांच करेगी कि डॉक्टर राहुल बरेलिया दलाल के माध्यम से तो काम नहीं कर रहे थे। एजेंट के माध्यम से अपने निजी नर्सिंग होम में सदर अस्पताल से मैरिज भेजने का काम तो नहीं हो रहा था।

अगर किसी भी चिकित्सक के द्वारा अपने निजी अस्पताल में दलाल या एजेंट के माध्यम से मरीजों को भिजवाया जाता है तो उनका यह कृत्या अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इस विषय पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक और विधिक कार्रवाई होगी।

**एक सप्ताह के अंदर सिविल सर्जन सौंपेगी रिपोर्ट:** डीसी चंदन कुमार ने इस मुद्दे पर सिविल सर्जन को एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि इस एक सप्ताह में वे डॉ राहुल बरेलिया को कारण बताओं नोटिस जारी करेंगे और उनके जवाब के साथ पूरी जांच रिपोर्ट सौंपी जायेगी।

## लंबित वादों की डीडीसी ने की समीक्षा




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय/मानवाधिकार(राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग) और लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उप विकास आयुक्त ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लायी जाये। उन्होंने कहा कि न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब निष्पादित करने पर जोर दिया। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, कार्यपालक दंडाधिकार सह विधि शाखा प्रभारी बिपिन कुमार दुबे, अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर बैठक



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र की बैठक नया नगर बरकाकाना राजेंद्र क्लब में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी व संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू ने किया। स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि नगर परिषद मनोज सिन्हा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ नगर परिषद के प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा आगामी कार्यक्रम संकल्प यात्रा नौ सितंबर को भुरकुंडा रिवर साइड में होना तय है, इस कार्यक्रम के निमित्त स्वागत एवं जनसभा में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और माटी के द्वारा निर्देशित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मौके पर रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष संजय साह, छठी लाल प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रेलवे संजय लाला, संजीव कृष्ण जमू वार, कमलेश बेदिया, राजू सिंह, सुनील सिंह, देवेंद्र गिरी, आशु सिंह, अर्जुन अग्रवाल, बंटी सिंह, रणधीर गुप्ता, प्रभु महतो, नूतन महतो, भगवान सिंह, वरुण कुमार, तरुण कुमार, सुनील प्रसाद, मनोज कुमार, अमित कुमार वर्मा, भानु प्रताप मिश्रा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भुरकुंडा में नाबालिग ने की आत्महत्या

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के न्यू बैरक में नाबालिग युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार न्यू बैरक निवासी रजनीकांत पाठक की भांजी अर्चना कुमारी 15 वर्ष बड़कागांव किशनपुर से अपने मामा के घर रक्षाबंधन का त्योहार मनाने आई थी। सोमवार की दोपहर तीन बजे घर में ही साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। परिजन व स्थानीय लोगों द्वारा भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही भुरकुंडा ओपी के एसआई अक्षय कुमार पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां मामले की जांच-पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा किया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भुरकुंडा हाथीदाड़ी में ताला तोड़ कर लाखों के सामान की चोरी

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र में चोरों का उत्पात थम नहीं रहा है। चोर गिरोह का मनोबल अब भी सातवें आसमान पर है। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल भुरकुंडा परियोजना की हाथीदाड़ी माइंस के विद्युत यांत्रिक कार्यालय में रविवार की रात ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार यहां कार्यालय का ताला तोड़ चोरों ने लगभग लाख रुपये मूल्य के कॉपर के सामान चोरी की है। जहां चोरी की यह घटना आग की तरह फैलकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है, वहीं मामले पर अधिकारी और कर्मचारी दबी जुबान से चोरी की बात स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन साफ-साफ कुछ भी बताने से बच रहे हैं। जबकि विद्युत-यांत्रिक कार्यालय के दरवाजे और अंदर रखी अलमारी का ताला भी टूटा पाया गया है। मामले को लेकर भुरकुंडा ओपी में अबतक आवेदन नहीं दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि मामले को दबाने-छिपाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। मामले को उजागर होने से रोकने के लिए कई लोग एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। लीपापोती करने की कवायद भी शुरू होती दिख रही। अलग-अलग तर्क देकर मामले को दबाने का खेल शुरू हो गया है। जिससे बड़े पैमाने पर मिलीभगत और भ्रष्टाचार के कयास लग रहे हैं। इधर सीसीएल बरकासयाल का सुरक्षा विभाग भी चोरी के संबंध में अनभिज्ञता जता रहा है। हैरानी की बात यह है की सीसीएल की थाली में खाने वाले अपने कर्तव्य भूल उसी थाली में ही छेद कर रहे । बहरहाल अब सीसीएल मुख्यालय मामले को गंभीरतापूर्वक ले और उच्च स्तरीय जांच कराए तो चोरी की इस घटना की वास्तविकता और सेटिंग कर मामले को दबाते लोगों के चेहरों से नाकाब आसानी से उतर सकता है। जिससे आए दिन होते लूटपाट और चोरी की घटना पर रोक लगे और क्षेत्र के लोगों को भी भयमुक्त माहौल मिले। बताते चले कि क्षेत्र में चोर गिरोह लंबे अरसे से सीसीएल बरकासयाल को काफी नुकसान पहुंचाते आ रहे हैं। सीसीएल के विभिन्न विभागों से कबाड़, तांबा, पीतल और अन्य सामान की लूट अब भी मची हुई है। बावजूद इसपर रोक नहीं लग पा रही है। वहीं सीसीएल का सुरक्षा विभाग हमेशा से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाता रहा है। कहा जाता है चोरी की घटना पर दिये जानेवाले आवेदनों पर पुलिस कभी गंभीरतापूर्वक कार्रवाई नहीं करती है।














# जी-20 पर मोर्चाबंदी

जहां एक तरफ नई दिल्ली में जी-20 शिखर बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक शक्तियों का समीकरण भी ठोस रूप लेता दिख रहा है। इस लिहाज से पिछले कुछ दिनों का घटनाक्रम अहम माना जा रहा है। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में हुए ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक के बाद कुछ संकेत ज्यादा स्पष्ट हुए हैं। उस शिखर बैठक से पहले भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव कम करने के लिए सहमति तलाशने की कोशिशें तेज होती नजर आयी थीं। मकसद यह माना जा रहा था कि दोनों देशों के सर्वोच्च नेताओं की मुलाकात को ज्यादा से ज्यादा अर्थपूर्ण बनाया जाए। उन वार्ताओं के नाकाम होने के बाद जोहानिसबर्ग में दोनों नेता मिले जरूर, लेकिन उसे द्विपक्षीय बातचीत का दर्जा नहीं मिल सका। खैर, उम्मीद थी कि उसके बाद सितंबर में पहले जकार्ता में होने वाली आसियान देशों की शिखर बैठक में और फिर नई दिल्ली की जी-20 शिखर बैठक में जब दोनों नेता मिलेंगे तो वार्ता आगे बढ़ेगी। दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो अपनी तमाम व्यस्तताओं के बीच भी इंडोनेशिया की आसियान शिखर बैठक में भागीदारी सुनिश्चित बनाए रखी, वह 6 सितंबर को जकार्ता रवाना होने वाले हैं, लेकिन चीन ने स्पष्ट कर दिया है कि शी चिनफिंग न तो जकार्ता जाएंगे और न ही नई दिल्ली के जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। उधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर हुई बातचीत में अफसोस जता चुके हैं कि वह जी-20 बैठक के लिए नई दिल्ली नहीं आ पाएंगे। इसके बाद पुतिन ने टीवी पर प्रसारित एक भाषण में कहा कि वह जल्दी ही पेइचिंग जाने की सोच रहे हैं। उसी भाषण में उन्होंने कहा कि शी उन्हें अपना दोस्त कहते हैं और वह भी उन्हें अपना दोस्त बताने में खुशी महसूस करते हैं। इस वक्तव्य की अहमियत का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि पुतिन का यह भाषण प्रसारित होने के कुछ घंटों के अंदर ही वाइट हाउस ने बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रपति बाइडेन 7 सितंबर को ही दिल्ली पहुंचेंगे और 8 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में शिरकत करेंगे। जी-20 शिखर बैठक से ठीक पहले दिए जा रहे इन स्पष्ट कूटनीतिक संकेतों के दरअसल क्या अर्थ हैं यह तो आने वाले समय में धीरे-धीरे खुलेगा, लेकिन फिलहाल यह बात ध्यान में रखी जा सकती है कि यूक्रेन युद्ध को लेकर चीन, रूस के सबसे करीब खड़ा रहा है। जी-20 सम्मेलन में अपने देश की नुमाइंदगी करने जा रहे रूसी विदेशमंत्री सर्गेई लावरोव का यह बयान भी बहुत कुछ कहता है कि अगर जी-20 सम्मेलन के संयुक्त बयान में यूक्रेन युद्ध और अन्य मुद्दों पर रूस के पक्ष की झलक नहीं मिली तो वह इसे रोक देगा।

**दिल्ली में जी-20 की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इस बीच अब वैश्विक शक्तियों का समीकरण पर फोकस किया जा रहा है। समिट के इतर भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। वहीं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक में नहीं आ रहे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वैश्विक अर्थव्यवस्था और मानव विकास की दृष्टि से खनिज संसाधन का क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यह सभी 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और पेरिस समझौते में अहम योगदान देता है। यह विभिन्न एसडीजी की उपलब्धियों को प्रभावित करते हुए उन्हें आगे बढ़ा सकता है। अब जबकि 2050 तक पूरे विश्व की जनसंख्या 7.8 बिलियन से बढ़कर 9.6 बिलियन हो जाने की संभावना है, इस क्षेत्र को प्रति व्यक्ति उपभोग में होने वाली वृद्धि को पूरा करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।**

# खनन प्रभावित क्षेत्रों का पुनरुद्धार - एक राष्ट्रीय एवं वैश्विक अनिवार्यता और भारत की जी-20 संबंधी प्राथमिकताएं



सी पी गोयल

वैश्विक अर्थव्यवस्था और मानव विकास की दृष्टि से खनिज संसाधन का क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यह सभी 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और पेरिस समझौते में अहम योगदान देता है। यह विभिन्न एसडीजी की उपलब्धियों को प्रभावित करते हुए उन्हें आगे बढ़ा सकता है। अब जबकि 2050 तक पूरे विश्व की जनसंख्या 7.8 बिलियन से बढ़कर 9.6 बिलियन हो जाने की संभावना है, इस क्षेत्र को प्रति व्यक्ति उपभोग में होने वाली वृद्धि को पूरा करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि 2000 और 2019 के बीच संरक्षित क्षेत्रों में खनन की गतिविधियों में शत-प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऊर्जा संबंधी बदलावों और दुर्लभ मृदा धातुओं, जो रेडियोधर्मी पदार्थ छोड़ते हैं, के खनन की आवश्यकता के साथ परिस्थितियां और खराब होने की उम्मीद है। टिकाऊ खनन और खदानों को बंद करना अत्यंत वैश्विक महत्व का विषय है।

खनन की गतिविधियों ने ऊर्जा संबंधी मांग एवं आपूर्ति को संतुलित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के निष्कर्षण को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इससे वनों की कटाई, ऊपरी सतह की मिट्टी का हटना और कचरे की डंपिंग की समस्या पैदा हुई है, जो इकोसिस्टम से जुड़े कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। खनन से क्षतिग्रस्त हुई भूमि के जीर्णोद्धार के कार्य में हुई हालिया प्रगति दीर्घकालिक प्रबंधन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। चयनात्मक वृक्षारोपण एवं मृदा योजक खनन व्यवसायों और स्थानीय समुदायों को आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय रूप से लाभान्वित करते हुए पुनरुद्धार की प्रक्रिया को बेहतर बना सकते हैं। विभिन्न अनुसंधान तनाव संबंधी सहनशीलता, जलवायु संबंधी दृढ़ता और स्थानीय इकोसिस्टम की मौलिकता जैसी वृक्षारोपण संबंधी विशेषताओं के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। अंतरराष्ट्रीय नीतिगत उद्देश्यों और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इकोसिस्टम का पुनरुद्धार करना आवश्यक है।

**खनन की गतिविधियों ने ऊर्जा संबंधी मांग एवं आपूर्ति को संतुलित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के निष्कर्षण को बढ़ावा दिया है।**



**अनियोजित तरीके से खदानों के बंद होने से पर्यावरणीय क्षति एवं जल प्रदूषण तथा आर्थिक गिरावट जैसे सामाजिक व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। इन चुनौतियों से निपटने हेतु जिम्मेदार कार्यप्रणालियों की आवश्यकता है जो स्थिरता, सामुदायिक कल्याण और बंदी की व्यापक योजनाओं को प्राथमिकता दें।**

**खनन और खदानों की अनियोजित बंदी के प्रभाव :** खनन के महत्वपूर्ण पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभाव होते हैं, जिनमें वनों की कटाई, आवास हानि और खतरनाक रासायनिक प्रदूषण शामिल हैं। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण सामाजिक अव्यवस्था, आर्थिक बदलाव और जलवायु परिवर्तन भी हो सकता है। अनियोजित तरीके से खदानों के बंद होने से पर्यावरणीय क्षति एवं जल प्रदूषण तथा आर्थिक गिरावट जैसे सामाजिक व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। इन चुनौतियों से निपटने हेतु जिम्मेदार कार्यप्रणालियों की आवश्यकता है जो स्थिरता, सामुदायिक कल्याण और बंदी की व्यापक योजनाओं को प्राथमिकता दें। भले ही वैश्विक स्तर पर विभिन्न विनियम और कानून पेश किए गए हैं,लेकिन इनके कार्यान्वयन के मामले में व्यापक भिन्नता है। खासकर, विकासशील देशों में। इसलिए, टिकाऊ कार्यप्रणालियों के लिए इन प्रभावों को समझना महत्वपूर्ण है।

**खदानों का टिकाऊ जीर्णोद्धार :** पर्यावरण एवं समुदायों पर खनन और खदानों के बंद होने के प्रभाव को कम करने के लिए खदानों के जीर्णोद्धार की एक स्थायी योजना तैयार करना महत्वपूर्ण है। ऐसी योजनाओं में खनन क्षेत्रों के प्रभावी पुनर्वास सुनिश्चित करने से संबंधित प्रमुख तत्व शामिल होते हैं। खनन के पहले के इकोसिस्टम का आधारभूत आकलन सूचित निर्णय लेने की दृष्टि से बुनियादी शर्त है। इकोलॉजी संबंधी एवं सामाजिक लक्ष्यों को स्थानीय आवश्यकताओं एवं संरक्षण के उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए। कार्यान्वयन की अनुकूलित रणनीतियों में देशी प्रजातियों का पुनर्रोपण, आवास पुनर्निर्माण और मृदा स्थिरीकरण शामिल हैं। निगरानी व अनुकूल प्रबंधन प्रगति एवं दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करता है। समावेशी हितधारक सहभागिता सहयोग को बढ़ावा देती है। अंततः, यह योजनाएं स्थिरता की प्रक्रिया को ठोस बनाती हुई इकोलॉजी की सेहत, सामुदायिक कल्याण, निजी क्षेत्र की भागीदारी और पर्यावरणीय दृढ़ता के बीच की पारस्परिक अंतःक्रिया को स्वीकार करती हैं।

**भारतीय परिदृश्य :** खान मंत्रालय ने कोयला खदानों में टिकाऊ खनन को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। खनिज संरक्षण और विकास नियम (एमसीडीआर) 2017 पर्यावरणीय प्रभाव तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने हेतु विभिन्न नियमों की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें ऊपरी सतह की मिट्टी को हटाने एवं उपयोग, अपशिष्ट चट्टानों के भंडारण और जमीन के कंपन, सतह के धंसाव, वायु प्रदूषण, विषाक्त तरल निर्वहन, शोर तथा वनस्पतियों के पुनर्स्थापन से संबंधित सावधानियां शामिल हैं। भारतीय खान ब्यूरो ने खनन कार्यों के दौरान स्थिरता संबंधी मूल्यांकन के लिए स्टार रेटिंग की एक प्रणाली भी शुरू की है। एमसीडीआर 2017 के नियम 35 के तहत, प्रत्येक पट्टेदार को कामकाज शुरू होने के बाद से तीन-सितारा रेटिंग प्राप्त करना आवश्यक है। मंत्रालय खनन पट्टों को हरित ऊर्जा का उत्पादन करने और उसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 293 खदानों के सर्वेक्षण से यह पता चला कि कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की क्षमता लगभग 583 मेगावाट है। इन संयंत्रों में पवन और सौर ऊर्जा दोनों प्रकार के संयंत्र शामिल हैं।

भारत सरकार और राज्य के अधिकारियों ने खनन से जुड़ी टिकाऊ कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। वर्ष 2020 में, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने खनन हो चुके क्षेत्रों को वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के विकास की दृष्टि से उपयुक्त बनाने हेतु वहां फिर से घास लगाने का आदेश दिया। वर्ष 2014 में, कर्नाटक राज्य ने खनन-प्रभावित जिलों में ह्यखनन प्रभाव क्षेत्रों के लिए व्यापक विकास योजनाह्न (सीईपीएमआईजेड) के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए कर्नाटक माइनिंग एनवायरमेंट रेस्टोरेशन कॉरपोरेशन (केएमईआरसी) की स्थापना की। चार जिलों के 466 गांवों को खनन प्रभावित घोषित किया गया है और सर्वोच्च न्यायालय ने उनके विकास के लिए 24,996.71 करोड़ रुपये की कार्य योजना को मंजूरी दे दी है। एनएलसी इंडिया, तमिलनाडु के नेवेली में खनन के बाद जीर्णोद्धार की गई भूमि पर 50 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना भी स्थापित कर रही है।

**जी-20 का महत्व :** जी-20 के भारत के शिखर सम्मेलन ने जी-20 की वैश्विक स्तर की भूमि संबंधी पहल को मजबूत करने हेतु गांधीनगर कार्यान्वयन रोडमैप (जीआईआर) और गांधीनगर सूचना मंच (जीआईपी) का शुभारंभ किया है। इस रोडमैप का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में इकोलॉजी के पुनर्स्थापन कार्य में तेजी लाने हेतु सभी भागीदार देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है। जीआईआर-जीआईपी वैश्विक हितधारकों और विभिन्न देशों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा, जो ज्ञान साझा करने, वित्तीय निवेश और तकनीकी एकत्रीकरण के संबंध में रणनीतिक इनपुट प्रदान करेगा। यह इस बात के लिए भी एक मानक तैयार करेगा कि कैसे वैश्विक स्तर पर की जाने वाली सहकारी कार्रवाइयां खनन-आधारित भूमि जीर्णोद्धार की गतिविधियों को बेहतर बना सकती हैं। इस पहल का उद्देश्य खनन उद्योगों को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक स्थिरता संबंधी दिशानिर्देशों के अनुरूप बनाना है।

**(लेखक : महानिदेशक, वन तथा विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)**

# डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और हिंदू धर्म दर्शन

प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य





**बीसवीं** सदी के विद्वानों में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का नाम सबसे ऊपर है। वह पश्चिमी सभ्यता से अलग हिंदुत्व को देश में फैलाना चाहते थे। राधाकृष्णन ने हिंदू धर्म को भारत और पश्चिम दोनों में फैलाने का प्रयास किया। वह दोनों सभ्यता को मिलाना चाहते थे। उनका मानना था कि शिक्षकों का दिमाग देश में सबसे अच्छा होना चाहिए, क्योंकि देश को बचाने में उन्हीं का सबसे बड़ा योगदान होता है। डॉ राधाकृष्णन, विवेकानंद और वीर सावरकर को अपना आदर्श मानते थे। इन दानों विचारकों को गहन अध्ययन किया था। डॉ राधाकृष्णन ने अपने भाषणों और लेखों के माध्यम से संपूर्ण विश्व को भारतीय दर्शनशास्त्र से परिचित कराने का प्रयास किया। डॉ राधाकृष्णन बहुआगामी प्रतिभा के धनी होने के साथ ही देश की संस्कृति को प्यार करनेवाले व्यक्ति थे। डॉ राधाकृष्णन का जन्म तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी के चित्तूर जिले के तिरूत्तनी ग्राम के एक तेलुगुभाषी ब्राह्मण परिवार में 5 सितंबर 1888 को हुआ था। उनका जन्म स्थान भी एक पवित्र तीर्थस्थल के रूप में विख्यात रहा है। राधाकृष्णन के पुरखे पहले कभी सर्वेपल्ली नामक ग्राम में रहते थे और 18वीं शताब्दी के मध्य में उन्होंने तिरूतनी ग्राम की ओर पलायन किया था। एक निर्धन किंतु विद्वान ब्राह्मण की संतान थे। उनके पिता का नाम सर्वपल्ली वीरासमियाह और माता का नाम सीताम्मा था। उनके पिता राजस्व विभाग में काम करते थे। उन पर बहुत बड़े परिवार के भरण-पोषण का दायित्व था। वीरास्वामी के पांच पुत्र तथा एक पुत्री थी। राधाकृष्णन का स्थान इन संततियों में दूसरा था। उनके पिता काफी कठिनाई के साथ परिवार का निर्वहन कर रहे थे। वे भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिंदू विचारक थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था। उनका जन्मदिन (5 सितंबर) भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ राधाकृष्णन ने स्वीकार किया है कि विश्व में मनुष्य और समाज ही वह धुरी है जिसके इर्द-गिर्द समस्त मानव जीवन घूमता है। उन्होंने मानव कल्याण को सबसे बड़ा कल्याण माना है। इनके पूर्व भी कई अर्थशास्त्रियों और समाजशास्त्रियों ने मानव कल्याण की बात की है, जिसमें प्रो एडम स्थिम, प्रो मार्शल, प्रो पीगू, प्रो पैरैटो, समाजशास्त्री हर्बट स्पेंसर जैसे- विद्वान प्रमुख हैं। स्पेंसर ने व्यक्ति और समाज में अविभोज्य संबंध को स्वीकार किया है। राधाकृष्णन ने अपनी युगांतकारी पुस्तक धर्म और समाज में मुख्यतः मनुष्य का सृष्टि में प्रयोजन, उसके क्रिया व्यापार औरअंतर्संबंधों द्वारा समाज निर्माण, समाज के विभिन्न वर्ग धर्म (वर्ण धर्म -ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के निर्धारित कर्तव्य अथवा धर्म), मानव जीवन के परम आदर्श (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं (ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास) से लेकर व्यक्ति और समाज के लिए एक-दूसरे की अनिवार्यता को दर्शाते हुए तथा अतीत की शिक्षाओं द्वारा भविष्य को संवारने की प्रेरणा के साथ ही सामाजिक लचक, सौहार्द्र, भाईचारे और हमारी परम्परा-वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श द्वारा सामाजिक गत्वरता को गति प्रदान कर विश्व कल्याण का मार्ग सुझाया है। डॉ राधाकृष्णन ने मानव-सभ्यता को विकसित करने के लिए विज्ञान और अध्यात्म दोनों का सम्यक तालमेल की बात कही, तभी सर्वकल्याण हो सकता है।

## सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्चंतु, मा कश्चिद् दुःख भाग्भ्वेत

डॉ राधाकृष्णन समूचे विश्व को एक विद्यालय मानते थे। उनका मानना था कि शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। अतः विश्व को एक ही इकाई मान कर शिक्षा का प्रबंधन करना चाहिए। ब्रिटेन के एडिनबरा विश्वविद्यालय में दिये अपने भाषण में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था- मानव को एक होना चाहिए। मानव इतिहास का संपूर्ण लक्ष्य मानव जाति की मुक्ति तभी संभव है, जब देशों की नीतियों का आधार पूरे विश्व में शांति की स्थापना का प्रयत्न हो। डॉ राधाकृष्णन अपनी बुद्धि से परिपूर्ण व्याख्याओं, आनंददायी अभिव्यक्तियों और हल्की गुदगुदाने वाली कहानियों से छात्रों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में उतारने की प्रेरणा वह अपने छात्रों को भी देते थे। वह जिस भी विषय को पढ़ाते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। दर्शन जैसे गंभीर विषय को भी वह अपनी शैली से सरल, रोचक और प्रिय बना देते थे। डॉ राधाकृष्णन ने यह भलीभांति जान लिया था कि जीवन बहुत ही छोटा है, परंतु इसमें व्याप्त खुशियां अनिश्चित हैं। इस कारण व्यक्ति को सुख-दुख में समभाव से रहना चाहिए। वस्तुतः मृत्यु एक अटल सच्चाई है, जो अमीर गरीब सभी को अपना ग्रास बनाती है तथा किसी प्रकार का वर्ग भेद नहीं करती। सच्चा ज्ञान वही है, जो आपके अंदर के अज्ञान को समाप्त कर सकता है। सादगीपूर्ण संतोषवृत्ति का जीवन अमीरों के अहंकारी जीवन से बेहतर है, जिनमें असंतोष का निवास है। एक शांत मस्तिष्क बेहतर है, तालियों की उन गड़गड़ाहटों से, जो संसदों एवं दरबारों में सुनायी देती हैं। वस्तुतः इसी कारण डॉ राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के नैतिक मूल्यों को समझ पाने में सफल रहे, क्योंकि वे मिशनरियों द्वारा की गयी आलोचनाओं के सत्य को स्वयं परखना चाहते थे। इसीलिए कहा गया है कि आलोचनाएं परिशुद्धि का कार्य करती हैं। सभी माताएं अपने बच्चों में उच्च संस्कार देखना चाहती हैं। इसी कारण वे बच्चों को ईश्वर पर विश्वास रखने, पाप से दूर रहने एवं मुसीबत में फंसे लोगों की मदद करने का पाठ पढ़ाती हैं। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने यह भी जाना कि भारतीय संस्कृति में सभी धर्मों का आदर करना सिखाया गया है और सभी धर्मों के लिए समता का भाव भी हिंदू संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इस प्रकार उन्होंने भारतीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान को समझा और उसके काफी नजदीक हो गये। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने भी डॉ राधाकृष्णन को विश्व दर्शन के प्रवर्तक कहा था। वास्तव में डॉ राधाकृष्णन ने हिंदू धर्म को श्रेष्ठ माना। इन्होंने कहा कि यही वह धर्म है, जो संपूर्ण विश्व में एकता स्थापित करने का मंत्र देता है। डॉ राधाकृष्णन ने हिंदू धर्म के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए और अधिक समृद्ध बनाने की वकालत की हैं। उनका मानना था कि विवेकपूर्ण कार्यों द्वारा सामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण एवं समायोजन को प्रमुखता प्रदान करनी होगी। तभी एक समाज, एक राष्ट्र और अन्ततः एक सम्पूर्ण विश्व की पूर्णता संभव होगी।

**(लेखक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं)**

## रांची की खबरें

# अखिल भारतीय शौंडिक संघ का सम्मेलन 24 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय शौंडिक संघ आगामी 24 सितंबर को रांची के संगम गार्डन मोरहाबादी में सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इसमे देश विदेश और राज्यभर से तकरीबन 500 लोगों की सहभागिता होगी। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को रांची के लालपुर स्थित होटल आर्या में एक बैठक की। बैठक के संबंध में बताया इस सम्मेलन में नेपाल की समाज विकास मंत्री सुरिता शाह और सांसद धीरज साहू अपनी उपस्थिति से हमारा उत्साहवर्धन करेंगे। वहीं कार्यक्रम में समाज के उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। बता दें कि रांची में 1985 में अखिल भारतीय शौंडिक संघ की राष्ट्रीय बैठक शिव प्रसाद साहू के नेतृत्व में आयोजित हुआ था। इसके बाद यह दूसरा मौका है जब संघ के राष्ट्रीय नेता रांची में मौजूद रहेंगे। समिति कार्यक्रम में आगत अतिथियों को निमंत्रण पत्र भेज रही है। बैठक में कुछ प्रमुख मुख्य बिंदुओं में शौंडिक संघ का सामाजिक उत्तरदायित्व, वर्तमान राजनीतिक छेत्र में राजनीतिक दलों में हमारी भागीदारी, शौंडिक समाज के युवाओं की दशा और दिशा पर चर्चा, समाज में जरूरतमंद को वैवाहिक सहयोगिता और महिलाओं को संगठित कर जागरूक करने पर कार्य किया जा रहा है। इस बैठक में संघ के अध्यक्ष दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष निशांत गुप्ता, महासचिव उमेश साहू, कार्यक्रम प्रभारी उदय साहू, मुख्य संयोजक सुनील साहू, संयोजक वीरेंद्र साहू, रमण कुमार साहू, रमेश प्रसाद साहू, शैलेन्द्र कुमार, मुकेश साहू, प्रेम कुमार, असीम कुमार साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रथम शिव शिष्य साहब हरींद्रानंद की प्रथम पुण्य तिथि स्मृति दिवस के रूप में मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शिव शिष्यता के जनक और इस कालखंड के प्रथम शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानंद जी की प्रथम पुण्य तिथि 04 सितंबर को शिव शिष्यों द्वारा पुण्य स्मृति दिवस के रूप में मनायी गयी। सोमवार को पुराना विधानसभा मैदान में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति का साक्षी बना। समाज को आइना दिखाते हुए उन्होंने बताया की शिव घर-घर के बाबा है, जैसे चंदा मामा सबके मामा हैं। भगवान शिव से हम सभी सतान, पैसा, परिवार, प्रसिद्धि, ऐश्वर्य मांगते हैं, उनसे ज्ञान कोई नहीं मांगता। वह पंचानन, सदाशिव, दक्षिणामूर्ति विश्व गुरु हैं, उन्हें जगत गुरू कहा गया है। देश विदेश से लोगों ने वरेण्य गुरुभ्राता के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस में भाग लिया। विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, भूटान, ओमान, दुबई और अन्य देशों से कई लोग आये। हृदय संबंधी रोग की वजह से पिछले साल 04 सितंबर 2022 को साहब शिवलीन हुए।

बिहार के सिवान जिले के अमलोरी में साहब श्री हरीन्द्रानंद जी का जन्म हुआ था। इनकी कर्मभूमि भी बिहार रही। जीवन के उत्त्रार्ध में ये झारखंड आ गये। देश विदेश सभी जगह के लोग इनके लिए श्रद्धावनत रहते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वा० 09 बजे से शिव नाम संकीर्तन और जागरण भजन से हुआ। तत्पश्चात वरेण्य गुरुभ्राता साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में महिलाओं की संख्या अधिक थी। श्रद्धांजलि सभा में प्रो रामेश्वर मंडल, हरानंद, अर्चित आनंद, बरखा आनंद, डॉ अमित कुमार, अनुनीता आनंद, अभिनव आनंद और निहारीका आनंद ने अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। इस पुष्पांजलि समारोह में राज्य के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# डायन बिसाही के संदेह में अड़की में वृद्ध की गला रेतकर हत्या

स्वरूप भट्टाचार्य

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू गांव में रविवार की देर रात डायस बिसाही का आरोप लगाकर 65 वर्षीय एक वृद्ध ग्रामीण की उसी घर में ही गला रेत कर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान भानु मुंडा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वारदात की रात भानु मुंडा घर में अकेला था। इसी का लाभ उठाकर अपराधी घर की छत में लगे एस्बेस्टस को तोड़कर अंदर प्रवेश किए और धारदार हथियार से भानु मुंडा के सिर को धड़ से अलग कर दिया। सोमवार की सुबह गांव के ही दूसरे क्षेत्र में घर बनाकर रहने वाले मृतक के छोटे बेटे सामू मुंडा को जब इस घटना की जानकारी हुई, तो उसने इसकी सूचना तुरंत अड़की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अड़की पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बाद में शव का पोस्टमार्टम करा कर स्वजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र सामू मुंडा ने बताया कि गांव के कई लोग उसके माता-पिता पर डायन होने का आरोप लगाते हुए मारने की धमकी देते थे। बताया कि शनिवार की सुबह 11 बजे गांव के ही एक ग्रामीण सहित दो लोग हथियार लेकर भानु मुंडा के घर आए थे, लेकिन उस समय वे (भानु मुंडा) और उसकी पत्नी गुरुवारी देवी घर में नहीं थे। घर में सिर्फ मेहमान आई उनकी नतिनी हिशी देवी मौजूद थी। बताया गया कि दोनों आरोपितों ने हिशी देवी से उसके नाना-नानी के बारे में पूछताछ की और दोनों को जान से मार देने की धमकी दी। कथित रूप से हिशी देवी को भी मारने का प्रयास किया, लेकिन वह वहां से भाग कर अपनी जान बचाने में सफल रही। इस घटना के बाद भानु की पत्नी गुरुवारी देवी और नतिनी हिशी देवी डर से घर छोड़कर अन्यत्र चली गई, जबकि भानु मुंडा वहीं रह गया। इसी का लाभ उठाकर देर रात उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। सूत्रों की मानें तो अड़की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शक के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, अड़की थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन ने बताया कि जल्द ही इस कांड का उद्भेदन कर लिया जाएगा। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बतातें चलें कि जिला प्रशासर और सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद डायन विसाईन का आरोप लगाकर हत्या करने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है।



# सड़क निर्माण में नियमों की घोर अनदेखी, खामियाजा भुगत रहे लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** रॉकी हॉल जाने वाले रास्ते की हालत अत्यंत जर्जर हो गई है। थाना रोड से रॉकी सिनेमा हॉल तक बुंडू नगर पंचायत की ओर से नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे नियमों की अनदेखी कर नाली का निर्माण सड़क से एक से दो फीट तक ऊंचा कर दिया गया है। इससे सड़क में जल जमाव हो जा रहा है। वहीं, नाली का निर्माण कार्य दो-तीन साल पहले कराया जा चुका है, लेकिन इस नाली से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। वर्तमान में रोड की चौड़ाई 10 से 12 फीट जिसमें नाली का निर्माण तीन से चार फिट कराया जा रहा है। इससे सड़क संकीर्ण होता जा रहा है। वहीं सड़क के दूसरी ओर रोड़ को तोड़कर सप्लाई पाइप लगाया जा रहा है। इस सड़क पर मुश्किल से दो कार ही पास हो सकती है। वहीं दुर्गा पूजा के दौरान महावीर मंदिर के पास मुख्य मार्ग में पंडाल बना देने से लोगों के पास विकल्प के रूप में बस यही सड़क रह जाती है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियां गुजरती है। नगर पंचायत पानी के निकासी के लिए अन्य विकल्पों पर विचार नहीं कर रहा है। पूर्व में इस सड़क के पानी का निकासी था, लेकिन लोगों द्वारा उसे बंद कर दिया गया है। नगर पंचायत निकासी के लिए जमीन अधिग्रहण करती है तो इस सड़क में रहने वाले लोगों को नारकीय स्थिति से निजात मिलेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### तमाड़ में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बिजली की आख मिचौली से लोग परेशान हैं। ठीक से लगातार छह घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है, जिससे लोगों की दिनचर्या ही खराब हो गयी है। सुबह, दोपहर, शाम या रात हो कभी भी बिजली कट जाती है लगातार एक-दो घंटे तक बिजली कटी रहती है। लोग मोमबत्ती लालटेन रखना छोड़ दिये थे, लेकिन लेकिन अब फिर से उसी युग की ओर हम लौट रहे है। जनवितरण प्रणाली की दुकान में मिट्टी तेल आने से बिकता नहीं था। अब मिट्टी तेल की मांग अचानक बढ गयी है। जिनके घरों में इन्वर्टर है वह भी चार्ज नहीं हो पा रहा है। लोगों की अर्थ व्यवस्था गड़बड़ा गयी है। इसके अलावे लोग लो वोल्टेज की समस्या से पहले से ही लोग जुझ रहे है। ऐसी लचर व्यवस्था कुछ सालों पहले ऐसी नहीं थी। विभाग उपभोक्ता से हर महीने रुपए की वसूली करता है लेकिन बिजली की समस्या ठीक करने में कतरा रहा है। अगर बिल पांच हजार रुपये से उपर है तो बिजली काट दी जाती है। फिर पूरा बिल देकर जुड़वाने में अलग से हजारों रुपए वसूले जाते हैं। पर लचर बिजली व्यवस्था ठीक करने में सरकार की दिलचस्पी नहीं है।

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेसियों ने दिया धरना



**खूंटी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में महंगाई और केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को खूंटी समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की छूट सिर्फ चुनावी जुमला है। साढ़े चार साल तक जमकर लूटने के बाद थोड़ी छूट देकर जनता को खुश करने का प्रयास किया जा रहा है। इसको जनता समझ गयी है। वक्त आने पर सबक भी सिखाएगी। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सह खूंटी प्रभारी सुरेश बैठा, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, विधानसभा प्रभारी अमरेंद्र सिंह, रविकांत मिश्रा, सुशील सांगा, विलसन तोपनो, अजय कुमार, पवन साहू, सोहैल अंसारी, कैसर खान आदि मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त सुरक्षाकर्मी को दी गयी विदाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** माइन्स रेस्क्यू स्टेशन चुरी में सेवानिवृत्त सुरक्षा कर्मी को विदाई दी गई। प्रेम साव बहुत ही अनुशासित सुरक्षाकर्मी के रूप में कंपनी की सेवा की है। ऐसे लोगों का साथ छूटना कंपनी के लिए बड़ा नुकसान है। उक्त बातें माइंस रेस्क्यू स्टेशन चूरी के इंचार्ज आरएन यादव ने कही। वे सोमवार को रेस्क्यू स्टेशन से एचएसजी के पद से सेवानिवृत्त हुए प्रेम साव के सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। रेस्क्यू परिवार द्वारा आयोजित इस समारोह को गुदुलवा महतो, बंशी राम, श्यामनंदन मेहता, चंदन सिन्हा, बसंत पांडेय, सुनील कुमार ने संबोधित किया। पूरी टीम ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। संचालन धनंनजय भारती ने किया। इस मौके पर कन्हाई गंझू, धीरज कुमार सिंह, सुनीता सिंह, सुधीर महतो, महादेव उरांव, राजबल्भ यादव, गंगा उरांव, सुनील, प्रदीप, चन्द्रू, पिंटू, सुनीता आदि मौजूद थे।

### झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में निकाली गयी जागरूकता रैली

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में सोमवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली विद्यालय के शिक्षकाओं एवं छात्राओं ने निकाली। रैली निकालते हुए पास के बस्ती में जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही वहां साफ-सफाई भी की। इस दौरान स्वच्छ भारत स्वच्छ भारत, घर की रखो साफ सफाई, रोगों को दूर भगाना है स्वच्छता को अपनाना है, महात्मा गांधी का एक ही नारा स्वच्छ भारत हो हमारा आदि स्लोगन छात्राओं द्वारा लगाए गए।

### धर्मेंद्र कुमार अध्यक्ष और अजीत जयसवाल बने महासचिव



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा हिल चौक देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की रविवार रात को बैठक हुई। जिसमें इस बार भी हर्षोल्लास के साथ नवरात्र और दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष दीपक तिग्गा ने पुरानी कमेटी को भंग कर 2023 के आयोजन के लिए नई कमेटी का गठन किया। कमेटी में सर्वसम्मति से धर्मेंद्र कुमार को अध्यक्ष और अजीत जयसवाल को महासचिव चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष के पद पर अरुण कुमार, बैकुंठ षाड़ंगी, रोहित जयसवाल, मुकेश चौधरी और ओमप्रकाश महतो का चयन किया गया। सचिव की जिम्मेवारी मनोज सिंह, जितेन्द्र गुप्ता और दीपक तिग्गा को सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष मुकुल दास को बनाया गया है। नीरज जयसवाल और अजय महतो को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। चंदा प्रभारी पवन जयसवाल को बनाये गये हैं। ललिता देवी, प्रवीण गुप्ता, रोनक षाड़ंगी और अमन महतो को पूजा का प्रभार दिया गया है, जबकि पंडाल प्रभारी नकुल महतो और राहुल महतो को बनाया गया है। बैठक में देवी मंडप की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर गंभीर चिंता जताई गई और इसे रोकने के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

## कार्रवाई : कांडे तुबिद गांव में 22 जुलाई को हुई चमरा मुंडा की हत्या में भी शामिल

# पीएलएफआइ उग्रवादी दयाल पूर्ति गिरफ्तार

**उग्रवादी लंबू बोदरा के लिए सहयोगियों के साथ आया था लेबी की वसूली करने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के सक्रिय उग्रवादी और विभिन्न मामलों के वांछित दयाल पूर्ति को पुलिस ने रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मुरहू थाना क्षेत्र के इंदीपीड़ी जीवन टोली का उग्रवादी दयाल पूर्ति अपने दस्ते के सदस्यों के साथ बिंदा साप्ताहिक हाट में व्यापारियों से लेवी की रकम वसूलने आया हुआ है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने बिंदा जंगल में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखते ही भागने लगा, पर जवानों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दयाल पूर्ति उर्फ अभिमन पूर्ति पिता विजय पूर्ति बताया। पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि मारंगहादा थाना क्षेत्र के कांडे तुबिद गांव में गत 22 जुलाई को चमरा मुंडा की हत्या में वह शामिल था। उसने बताया कि मुरहू थाना क्षेत्र में पीएलएफआइ उग्रवादी लंबू बोदरा के लिए वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लेवी वसूलने आया था। यह भी बताया गया कि दयाल पूर्ति के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलएएक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओं के तहत छह मामले दर्ज हैं। दयाल पूर्ति के खिलाफ मुरहू थाने में चार और मारंगहादा थाने में दो मामले दर्ज हैं। पुलिस को काफी समय से उसकी तलाश थी। वहीं, छापामारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, मुरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टुडू, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, तपकरा थाना प्रभारी रंजीत किशोर, मुरहू थाना के एसआई दिगंबर पांडे, लक्ष्मण चौधरी, विष्णु कुमार और विनोद कुमार के अलावा मुरहू, रनिया और तपकरा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



दयाल पूर्ति की फाइल फोटो।

### पांच दिवसीय नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पिलीद स्टेडियम में जीनियस क्लासेस कोचिंग संस्थान के तत्वधान से पांच दिवसीय नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसका सोमवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कराटे खिलाड़ी एवं ट्रेनर सुदेश कुमार महतो की ओर से दिया गया।

इस दौरान जानकारी देते हुए कराटे ट्रेनर सुदेश कुमार महतो ने बताया कि इस नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न प्रकार के पंच, काता एवं अन्य आत्मरक्षा के गुण सिखाया गया। जीनियस क्लासेस कोचिंग के संचालक देवेंद्र नाथ महतो एवं नरेश महतो ने बताया कि इसी प्रकार अगर नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर अपना जलवा दिखाने का मौका दिया जाए तो युवक और युवतियां अपने परिवार, क्षेत्र, राज्य और देश का नाम जरूर रोशन करेंगे।

### मगध प्रबधंन और राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बैठक में 21 सूत्री मांगों पर चर्चा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ के साथ राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बैठक सोमवार को मगध परियोजना कार्यालय में हुई, जिसमें 21 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई। इसमें एक नवंबर को कामगारों को प्रमोशन देने, संडे ड्यूटी देने, एंबुलेंस देने, इंसेंटिव का भुगतान, एरियर मे संशोधन कर भुगतान करने, आम्रपाली से मगध के लिए ड्यूटी बस देने, बचरा से महाप्रबंधक कार्यालय को हटाकर चमातू में स्थानांतरित करने, संवेदनशील पदों पर जमे कर्मियो का टेबल ट्रांसफर करने, डिस्पेंसरी में महिला नर्स और महिला डॉक्टर की पोस्टिंग करने सहित कई मांगें शामिल है। बैठक में यूनियन के सीसीएल सचिव ललन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय सचिव मोहम्मद जहुर, खुर्शीद आलम, प्रेमचंद कुमार, मोहम्मद वसीम, उपेंद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार, सुबोध कुमार आदि मौजूद थे।

### अशोका में हुई ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी इम्पलाइज काउंसिल की बैठक

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोका पीट ऑफिस में सोमवार को ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्प्लॉय कोऑर्डिनेशन काउंसिल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सरजू सिंह और संचालन एसडी राम ने किया। बैठक में 11 सितंबर को सीसीएल एनके एरिया के डकरा वीआईपी सभागार में होनेवाले ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल की सीसीएल स्तरीय बैठक सह सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने संगठन के उद्देश्य, आरक्षण, रोस्टर, बैंक लोग, प्रमोशन सहित अन्य बातों पर विस्तार से जानकारी दी।

### नशेड़ियों का पसंदीदा स्थल बन गया है दार्शनिक स्थल रानी चूआं

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू की दार्शनिक स्थल रानी चूआ इन दिनों जुआड़ियों व शराबियों का अड्डा बन गया है। रानी चूआं के मंदिर परिसर में शराब-गांजा का सेवन किया जा रहा है। शाम होते ही वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने लगता है। वे बैठकर घंटों अड्डाबाजी करते है। शराब पीकर बोतल आदि मंदिर परिसर व पानी में फेंक देते हैं। रानी चूआ का पानी खराब होते जा रहा है। लोग इस पानी को पवित्र मानते हैं और पीने के काम में लाते है। यहां के पेड़ो की भी कटाई हो रही है और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यह स्थल पौराणिक है यहां मिट्टी के अंदर से लगातार पानी निकलता है। गर्मी के दिनों में ठंडा पानी और शर्दियों में गर्म पानी निकलता है। लेकिन धीरे-धीरे यह पवित्र स्थल अब असामाजिक लोगों का अड्डा बनता जा रहा है।

### अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगा किया काम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना के विरोध में बुंडू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार को काला बिल्ला लगा कर काम किया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण महतो व महासचिव शिव शंकर महतो ने हेमंत सरकार से वकीलों के हित में सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी06-ओएफसी-मुरी, दिनांक: 01.09.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** रांची मंडल में आईएलओ, टीआरएएन, एसएसआईए, एलटीएमडी एवं जेएचएमआर स्टेशनों पर एस एंड टी गियरों को पुराने ओएफसी हट से नवनिर्मित ओएफसी हट में स्थानांतरित करना। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 31,57,795.54। **ईएमडी:** ₹ 63,200/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 29.09.2023 को सुबह 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 15.09.2023। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in कार्य निविदा हेतु।

(PR-570)



**पूर्व तट रेलवे**

**पार्सल स्थान लीज पर देने हेतु ई-नीलामी**

**8, 11 एवं 12 सितम्बर 2023 में 57 SLRs एवं 09 VPs की नीलामी**

| क्रम सं. | ट्रेन नं. एवं CC (टन में) | स्टेशन से - तक | फ्रंट/रियर | परिचालन दिवस | लॉट प्रारंभ समय | लॉट समाप्ति समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22866-65(24 T) | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (राउन्ड ट्रिप) | VP | 1 दिन | 12:00 बजे | 1200 बजे |
| 2 | 12898-97 (24 T) | भुवनेश्वर-पुदुचेरी (राउन्ड ट्रिप) | VP | 1 दिन | 1210 बजे | 1210 बजे |
| 3 | 12880 -79 (24 T) | भुवेनश्वर-लोमान्य तिलक टर्मिनस (राउन्ड ट्रिप) | VP | 2 दिन | 1220 बजे | 1220 बजे |
| 4 | 12815-16 (24 T) | पुरी-आनंद विहार टर्मिनल (राउन्ड ट्रिप) | VP | 2 दिन | 1230 बजे | 1230 बजे |
| 5 | 12843-44 ( 24 T) | पुरी-अहमदाबाद (राउन्ड ट्रिप) | VP | 4 दिन | 1240 बजे | 1240 बजे |
| 6 | 18477-78 (23 T) | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश (राउन्ड ट्रिप) | VP | 7 दिन | 1250 बजे | 1250 बजे |
| 7 | 12830-29 (24 T) | भुवनेश्वर-चेन्नई सेन्ट्रल (राउन्ड ट्रिप) | VP | 1 दिन | 1300 बजे | 1300 बजे |
| 8 | 22805-06 (24 T) | भुवनेश्वर-आनंद विहार टर्मिनल (राउन्ड ट्रिप) | VP | 1 दिन | 1310 बजे | 1310 बजे |
| 9 | 12146-45 (24 T) | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (राउन्ड ट्रिप) | VP | 1 दिन | 1320 बजे | 1320 बजे |
| 10 | 18449 & (3.9T) | पुरी-पटना | R-1 | 1 दिन | 1130 बजे | 1130 बजे |
| 11 | 12146 & (3.9T) | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | R-1 | 1 दिन | 1140 बजे | 1140 बजे |
| 12 | 12281 & (3.9T) | भुवनेश्वर-नयी दिल्ली | R-1 | 1 दिन | 1150 बजे | 1150 बजे |
| 13 | 20472 & (3.9 T) | पुरी-बीकानेर | R-1 | 1 दिन | 1200 बजे | 1200 बजे |
| 14 | 22827 & (3.9T) | पुरी-सूरत | R-1 | 1 दिन | 1210 बजे | 1210 बजे |
| 15 | 22974 & (3.9T) | पुरी-गांधीधाम | F-1 | 1 दिन | 1220 बजे | 1220 बजे |
| 16 | 12845 & (3.9T) | भुवनेश्वर-बैंगलोर कैन्टनमेन्ट | F-1 | 1 दिन | 1230 बजे | 1230 बजे |
| 17 | 12801 & (3.9T) | पुरी-नयी दिल्ली | F-1 | 7 दिन | 1240 बजे | 1240 बजे |
| 18 | 22805 & (3.9T) | भुवनेश्वर-आनंद विहार टर्मिनल | F-1 | 1 दिन | 1250 बजे | 1250 बजे |
| 19 | 18417 & (4 T) | पुरी- गुणुपुर | F-1 | 7 दिन | 1300 बजे | 1300 बजे |
| 20 | 12888 & (3.9T) | पुरी-शालीमार | F-1 | 1 दिन | 1310 बजे | 1310 बजे |
| 21 | 12994 & (3.9T) | पुरी-गांधीधाम | F-1 | 2 दिन | 1320 बजे | 1320 बजे |
| 22 | 18304 & (4T) | पुरी - सम्बलपुर | F-1 | 7 दिन | 1330 बजे | 1330 बजे |
| 23 | 22871 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-तिरुपति | F-1 | 1 दिन | 1340 बजे | 1340 बजे |
| 24 | 20857 & (3.9T) | पुरी - साई नगर शिरिडी | F-1 | 1 दिन | 1350 बजे | 1350 बजे |
| 25 | 18447 & (3.9T) | भुवनेश्वर-जगदलपुर | F-1 | 7 दिन | 1400 बजे | 1400 बजे |
| 26 | 18126 & (4 T) | पुरी-राउरकेला | F-1 | 7 दिन | 1410 बजे | 1410 बजे |
| 27 | 18477 & (4 T) | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | R-1 | 7 दिन | 1420 बजे | 1420 बजे |
| 28 | 18419 & (3.9T) | पुरी-जयनगर | R-1 | 1 दिन | 1430 बजे | 1430 बजे |
| 29 | 20823 & (3.9T) | पुरी-अजमेर | R-1 | 2 दिन | 1440 बजे | 1440 बजे |
| 30 | 20837 & (4 T) | भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड | F-1 | 7 दिन | 1450 बजे | 1450 बजे |
| 31 | 18126 & (4 T) | पुरी-राउरकेला | R-1 | 7 दिन | 1500 बजे | 1500 बजे |
| 32 | 12896 & (3.9T) | पुरी-शालीमार | F-1 | 1 दिन | 1510 बजे | 1510 बजे |
| 33 | 22890 & (3.9T) | पुरी-दीघा | F-1 | 1 दिन | 1520 बजे | 1520 बजे |
| 34 | 12898 & (3.9T) | भुवनेश्वर-पुडुचेरी | F-1 | 1 दिन | 1530 बजे | 1530 बजे |
| 35 | 18410 & (4 T) | पुरी-शालीमार | R-1 | 7 दिन | 1540 बजे | 1540 बजे |
| 36 | 18477 & (4 T) | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | F-1 | 7 दिन | 1550 बजे | 1550 बजे |
| 37 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | F-1 | 7 दिन | 1600 बजे | 1600 बजे |
| 38 | 18022 & (4T) | खोरधा रोड-खड़गपुर | F-1 | 7 दिन | 1610 बजे | 1610 बजे |
| 39 | 22833 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-कृष्णराजपुरम | F-1 | 1 दिन | 1620 बजे | 1620 बजे |
| 40 | 22882 & (3.9T) | भुवनेश्वर-पुणे | R-1 | 2 दिन | 1130 बजे | 1130 बजे |
| 41 | 20817 & (3.9T) | भुवनेश्वर-नयी दिल्ली | F-1 | 1 दिन | 1140 बजे | 1140 बजे |
| 42 | 18410 & (4 T) | पुरी-शालीमार | F-1 | 7 दिन | 1150 बजे | 1150 बजे |
| 43 | 12819 & (3.9T) | भुवनेश्वर-आनंद विहार टर्मिनल | F-1 | 2 दिन | 1200 बजे | 1200 बजे |
| 44 | 12880 & (3.9T) | भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | R-1 | 2 दिन | 1210 बजे | 1210 बजे |
| 45 | 12875 & (3.9T) | पुरी- आनंद विहार टर्मिनल | F-1 | 3 दिन | 1220 बजे | 1220 बजे |
| 46 | 12815 & (3.9T) | पुरी- आनंद विहार टर्मिनल | F-1 | 4 दिन | 1230 बजे | 1230 बजे |
| 47 | 17479 & (4 T) | पुरी-तिरुपति | R-1 | 5 दिन | 1240 बजे | 1240 बजे |
| 48 | 22202 & (3.9T) | पुरी-सियालदह | F-1 | 3 दिन | 1250 बजे | 1250 बजे |
| 49 | 18425 & (3.9T) | पुरी-दुर्ग | R-1 | 7 दिन | 1300 बजे | 1300 बजे |
| 50 | 18452 & (3.9T) | पुरी-हटिया | R-1 | 7 दिन | 1310 बजे | 1310 बजे |
| 51 | 20819 & (3.9 T) | पुरी-ओखा | R-1 | 1 दिन | 1320 बजे | 1320 बजे |
| 52 | 22910 & (3.9T) | पुरी-वलसाड़ | R-1 | 1 दिन | 1330 बजे | 1330 बजे |
| 53 | 12822 & (3.9T) | पुरी-शालीमार | F-1 | 7 दिन | 1340 बजे | 1340 बजे |
| 54 | 20918 & (3.9T) | पुरी-इन्दौर | F-1 | 1 दिन | 1350 बजे | 1350 बजे |
| 55 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखाट्टनम | F-2 | 7 दिन | 1400 बजे | 1400 बजे |
| 56 | 20837 & (4 T) | भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड | R-1 | 7 दिन | 1410 बजे | 1410 बजे |
| 57 | 17479 & (4 T) | पुरी-तिरुपति | F-1 | 5 दिन | 1420 बजे | 1420 बजे |
| 58 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | R-1 | 7 दिन | 1430 बजे | 1430 बजे |
| 59 | 22823 & (3.9T) | भुवनेश्वर-नयी दिल्ली | F-1 | 4 दिन | 1440 बजे | 1440 बजे |
| 60 | 12843 & (3.9T) | पुरी-अहमदाबाद | R-1 | 4 दिन | 1450 बजे | 1450 बजे |
| 61 | 18417 & (4 T) | पुरी-गुणुपुर | R-1 | 7 दिन | 1500 बजे | 1500 बजे |
| 62 | 20896 & (3.9T) | भुवनेश्वर-रामेश्वरम | R-1 | 1 दिन | 1510 बजे | 1510 बजे |
| 63 | 22836 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | F-1 | 1 दिन | 1520 बजे | 1520 बजे |
| 64 | 22840 & (3.9T) | भुवनेश्वर-राउरकेला | F-1 | 7 दिन | 1530 बजे | 1530 बजे |
| 65 | 20861 & (3.9T) | पुरी-अहमदाबाद | R-1 | 1 दिन | 1540 बजे | 1540 बजे |
| 66 | 22879 & (3.9T) | भुवनेश्वर-तिरुपति | F-1 | 1 दिन | 1550 बजे | 1550 बजे |

लॉट प्रारंभ होने की तारीख : दिनांक : 08.09.2023 (क्रम सं.1 से 9 तक), दिनांक : 11.09.2023 (क्रम सं.10 से 39 तक) एवं दिनांक : 12.09.2023 (क्रम सं.40 से 66 तक)। लॉट समाप्त होने की तारीख : दिनांक : 08.09.2023 (क्रम सं.1 से 9 तक), दिनांक : 11.09.2023 (क्रम सं.10 से 39 तक) एवं दिनांक : 12.09.2023 (क्रम सं.40 से 66 तक)। न्यूनतम वृद्धि : 0.20% (सभी क्रम संख्या हेतु)। लॉट स्थिति : ड्रॉफ्ट कैटलॉग में नया (सभी क्रम संख्या हेतु)।

क्रम सं.01 से 09 तक नीलामी कैटलॉक नं.KUR-PARCEL-VP-6, क्रम सं.10 से 39 नीलामी कैटलॉग नं.KUR-SLR-Sept-01 एवं क्रम सं.40 से 66 तक नीलामी कैटलॉग नं.KUR-SLR-Sept-02 तथा दिनांक : 22.08.2023 (VPs), दिनांक : 24.08.2023 (SLR-01 & 02) में प्रकाशित।

PR-531/O/23-24 — वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधा रोड


## लोकेश मिश्रा ने किया मातृ शिशु अस्पताल का औचक निरीक्षण

# लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र ने सोमवार को मातृ शिशु अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी ने एमसीएच के निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और परिसर में विशेष रूप से साफ-सफाई का ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मियों और चिकित्सकों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। ओपीडी के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने कहा कि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने डॉक्टरों को व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, डेंटल, आइओटी और पेशेंट वार्ड का निरीक्षण किया और अस्पताल में पेयजलापूर्ति, शौचालय, बिजली की आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।



अस्पताल का निरीक्षण करते डीसी लोकेश मिश्रा व अन्य।

## सनातन को खत्म करने की बात करने वाले खुद खत्म हो जायेंगे : ओमप्रकाश सिंह

### डीएमके नेता व मंत्री उदयनिधि के बयान की भाजपा नेता ने की निंदा



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने डीएमके नेता व मंत्री उदयनिधी की सनातन धर्म को खत्म करने को लेकर की गयी टिप्पणी को पागलपन की पराकाष्ठा बताते हुए घोर भर्त्सना की है। उन्होंने कहा है कि सनातन को खत्म करने की बात करने वाले खुद खत्म हो जायेंगे। सनातन शास्वत है, इसे दुनिया की कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर करती। डीएमके नेता उदयनिधी की इस अशोभनीय टिप्पणी पर मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करने वाले नेता की बोलती क्यों बन्द हो गयी। विपक्षी गठबंधन के एक भी नेता ने इस वक्तव्य की अभी तक आलोचना नहीं की है। यह इस बात को प्रमाणित करता है कि धमंडिया गठबंधन में शामिल सभी लोग केवल तृष्टीकरण तथा वोट बैंक की राजनिति करते हैं। आने वाले समय में जनता सनातन विरोधी सारी शक्तियों को धाराशायी करेगी। उदयनिधी के टिप्पणी की निन्दा करने वालों में ओम प्रकाश सिंह के अलावा सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, भाजपा नेता संजय बर्मन, ओवैसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय पंकज, मिथुन तमेड़ा, बाल्मीकि कुमार, शशि भूषण सिंह, अवधेश मित्तल, निधिकांत, परमानंद, संजय, नीरज आदि हैं।

## बच्चों को अनुशासन के साथ साहसी बनने की सीख देता है स्काउट : एएसपी दीपक पांडेय



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारत स्काउट और गाइड आपसी बंधुत्व की बनाए रखने का संदेश देता है। उक्त बातें चुन्नीलाल हाईस्कूल में भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण समापन समारोह में मुख्य अतिथि एएसपी दीपक पाण्डेय ने कहा। एएसपी दीपक पांडेय ने कहा कि भारत स्काउट गाइड बच्चों में अनुशासन के साथ साहसी बनने की सीख देता है। जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने हमेशा कार्य के प्रति सचेत और समर्पण का संदेश के अलावे तकनीकी जानकारी देते हुए प्रशिक्षणर्थियों का हौसला आफ्जाई किया। इसके पूर्व ट्रेनर संध्या सिंह की अगुवाई में सबों का स्वागत किया गया। मौके पर शिविर प्रधान पुष्पा बाखला, ट्रेनर मांगे भगत, चंद्रकला गुप्ता, सरोज तिर्की, रेखा कुजूर, रीति गुप्ता, आरती कुमारी के अलावा अन्य परक्षिणार्थी मौजूद थे।

## राजद का पंचायत स्तर पर कमिटी का विस्तार



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार प्रखंड के परसही पंचायत में राष्ट्रीय जनता दल पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी के अध्यक्षता में बैठक किया गया बैठक में पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर के चर्चा की गयी। बैठक में सर्व सहमति से परसही पंचायत के राजद अध्यक्ष जीतमहान सिंह को बनाया गया उपाध्यक्ष बजूल कुमार भुइया महासचिव चैतू यादव सचिव त्रिलोक कुमार यादव को बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय जनता दल के जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार शोएब अंसारी, सुरेश पासवान, बसंत, संतोष, वीडियो सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## जूम मीटिंग एप के माध्यम से खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को जूम मीटिंग एप के माध्यम से खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीते दिनों में अवैध बालू उठाव, परिवहन को लेकर थाना स्तर से की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी। प्रखंडवार कार्रवाई व आर्थिक दंड की समीक्षा की गयी। सभी थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू उठाव/परिवहन, चिप्स-पत्थर का अवैध खनन/परिवहन, बॉक्साईट का अवैध खनन/परिवहन संबंधी जांच का कार्य किया जाय। साथ ही, एनजीटी के द्वारा पारित आदेश का भी पालन किया जाय। जिस भी थाने में कार्रवाई होती है उस पर आगे की कार्रवाई के लिए सहायक खनन पदाधिकारी को सूचित किया जाय। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## बीएलओ और पर्यवेक्षकों की बैठक संपन्न

बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को सभी बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक हुई संपन्न। बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों को पूर्वक डोर टू डोर जाकर कार्य करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए, जो निम्न हैं। जिसमें सभी बीएलओ को अपने अपने पोषक क्षेत्र में रहने वाले 80 प्लस सभी मतदाताओं को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने, स्वच्छ मतदाता सुची निर्माण, मृतक मतदाता, दोहरी मतदाता, प्रविष्ट मतदाता, सिफ्टेड मतदाताओं को चिन्हित कर विधि संगत कारवाई करते हुए हटाने और सभी सुयोग्य मतदाता का नाम जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही ईपी रेसियो , जेंडर रेसियो सहित अन्य बिंदुओं पर ध्यान पूर्वक ससमय कार्य को निपटारा करने का भी निर्देश दिए। मौके पर नोडल पदाधिकारी प्रकाश कुमार, आलोक दुबे, पर्यवेक्षक चंदन कुमार, विमला, विजय, सबिता देवी, सुषमा देवी के अलावा सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## कुकुद पाठ में वज्रपात से वृद्ध की मौत



महुआडांड (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र ओरसा पंचायत के ग्राम कुकुद पाठ में वज्रपात से एक वृद्ध की मौत हो गयी। जिसकी पहचान दोड़मा नगेसिया ग्राम कुकुद पाठ 70 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी प्राप्त होते ही थाना प्रभारी रतन टुडू दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

### सेमरडीह और छेछरा नवाडीह में चक्रवाती तूफान का कहर

# भारी तबाही, पोल उखड़े पेड़ गिरे, गरीब हुए बेघर

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी क्षेत्र में आयी चक्रवर्ती तूफान और बारिश ने जमकर कहर बरपाया। रविवार की दोपहर लगभग 4:30 बजे में अचानक आयी आंधी तूफान के साथ बारिश ने लोगों को संभलने तक का भी मौका नहीं दिया। क्षेत्र में आंधी तूफान से जगह-जगह पर बड़े-बड़े पेड़ उखड़ गया। वहीं कई घरों के छप्पर उड़ गये। इधर अचानक चक्रवर्ती तूफान के कहर से किसानों की फसल बर्बाद हो गयी। साथ ही चक्रवर्ती तूफान से दर्जनों गरीबों के आशियाना गिर गया। जिसमें किस्को के सेमरडीह निवासी मेहरून निशा, दुर्गी देवी, सजीदा खातुन, महेश महतो, बरी भगताईन के घरों को काफी क्षति पहुंचाया है। साथ ही कई पेड़ को उखाड़ डाला है। इसी तरह छेछरा नवाडीह में पाही उरांव, सीताराम भगत, नारायण उरांव, मुनीलाल भगत के घर को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। वहीं सोमवार को स्थानीय मुखिया चांदमनी उरांव ने सभी पीड़ित परिवार वालों के घर पर पहुंच कर जायजा लिया और प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने हेतु पहल करने की बात कही। मामले पर अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ बुड़ायं सारू ने कहा कि पीड़ित परिवार क्षतिग्रस्त आवास का फोटो आवेदन के साथ संलग्न कर कार्यालय में जमा करें जांच कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति की भरपाई किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को लगभग 4:30 बजे की अचानक आई चक्रवर्ती तूफान ने महज दो मिनट में ही गरीबों के घरों और पेड़ बिजली पौल पर जमकर उत्पात मचाया। जिससे गरीबों के समक्ष परेशानी लाकर खड़ी कर दिया है। वहीं किस्को फीडर मुख्य लाइन में सेमरडीह छेछरा नवाडीह बीच दोहर से गुजारा 11 हजार मुख्य लाइन पोल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। यहां पर तीन से चार बिजली पोल को आधा गिरा डाला है।

## भाजपा के डीएनए में मौजूद है लूट : शकील अहमद

> एलपीजी गैस में 200 रुपये की कटौती करने को कांग्रेस ने चुनावी स्टंट बताया
>
> समाहरणालय मैदान में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मोदी सरकार द्वारा एलपीजी गैस में 200 रुपये की कटौती करने को कांग्रेस ने चुनावी स्टंट बताया है। कांग्रेस ने कहा कि यह आगामी पांच राज्य में होने वाले चुनाव और लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक स्टंट है। मोदी सरकार की इस छद्म राजनीतिक स्टंट को आम जनता की बीच पर्दाफाश करने के लिए आज समाहरणालय के समीप धरना प्रदर्शन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने किया। शकील अहमद ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर और गरीबों को और गरीब बना रही है। रसोई गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर अब 200 कम करके चुनावी स्टंट अपना रही है। प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में पांच राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकसभा में मतदाताओं को लुभाने के लिए एक राजनीतिक स्टंट है। गैस सिलेंडर अभी महंगा है मगर बीजेपी यह ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया। इस सरकार से सभी वर्ग आहत हैं और त्राहिमाम कि स्थिति है। देश में बढ़ती महंगाई चिंता का विषय है। महंगी गैस महंगा तेल थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि त्यौहार तो बहाना है पांच राज्यों का चुनाव निशाना है। मौके पर नेसार अहमद, जगदीप भगत, रऊफ अंसारी, सलीम, हाजी सिकंदर, विशाल डुंगडुंग, सीमा परवीन, शाहिद अहमद बेलू, आजाद, नंदू शुक्ला समेत अन्य उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की सफलता के लिए भाजपा की बैठक

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही संवाददाता)।** सोमवार को भाजपा मंडल कमिटी बालूमाथ के द्वारा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए बैठक की गयी। बता दें कि 18 सितंबर को बाबूलाल मरांडी की लातेहार और मनिका विधानसभा में संकल्प यात्रा होगी। तैयारी को लेकर बालूमाथ में हुई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने की और संचालन मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू ने। सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। संकल्प यात्रा में मंडल अध्यक्ष ने कहा कि बालूमाथ मंडल की सभी पंचायतों और सभी बूथ के कार्यकर्ता को संकल्प यात्रा की जनसभा में भागीदारी हो, इसके लिए आज से आप सभी लग जायें। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपने विचार को रखे। संकल्प यात्रा की सफलता के लिए सभी पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। भाजपा नेता स्व राजेंद्र प्रसाद साहू की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अरविंद भगत, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज साह, मंडल महामंत्री विजय यादव, किसान मोर्चा जिला मंत्री मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर तुरी, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र भगत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पहाड़ी शिव मंदिर में भागवत कथा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के प्रचीन पहाड़ी मंदिर परिसर क्षेत्र में रविवार से राधा रमन भागवत प्रचार मंडली के द्वारा वार्षिक संगीतमय भागवत कथा कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जिसमें बतौर कथा वाचक के रूप में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री शिरकत करने पहुंचे। सोमवार से शुरू हुए संगीतमय भागवत कथा को लेकर पूरा प्रखंड क्षेत्र भक्ति में माहौल में रम चुका है जहां भागवत कथा 9 सितंबर तक चलेगा इस दौरान जन्माष्टमी के दिन वृंदावन में होने वाले जन्माष्टमी उत्सव को भी भागवत कथा के दौरान दिखाने का काम कथा मंडली के माध्यम से होगा वही आयोजन समिति के द्वारा आखिरी दिन भव्य भंडारा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के पहले दिन जिला परिषद सदस्य के साथ स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, मुखिया कालो देवी, रेलवे क्लब सचिव रणजीत सिंह राणा महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, आयोजन समिति के निरंजन सिंह छोटे सिंह बबलू मिश्रा कन्हैया पाठक, यश, अरुण कुमार समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## बीइओ के बयान को लेकर शिक्षक संघ में आक्रोश

> आर-पार की लड़ाई के मूड में शिक्षक संघ, बीइओ घनश्याम चौधरी और सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी के विरुद्ध कसी कमर

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड।** महुआडांड बीईओ घनश्याम चौधरी के बयान को लेकर आक्रोशित झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सोमवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसे लेकर स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला परिसर मे सोमवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के लातेहार जिला अध्यक्ष श्रीमति अनुपा मिंज की अध्यक्षता में महुआडांड प्रखण्ड के शिक्षक संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे मुख्य रूप से सफियानी बेक, प्रभा टोप्पो, उसेर्ला एक्का, आनंद कुमार लकड़ा, अरूण कुमार टोप्पो, प्रेम कुमार यादव, फुलदेव खलखो, प्रदीप कुजूर आदि शिक्षक संघ के पदाधिकारी और सदस्यगण मौजूद थे। बैठक उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीमति अनुपा मिंज ने अपने उपर लगाये गए आरोप को सरासर गलत और बेबुनियाद बताते हुए कहा कि बीईओ घनश्याम चौधरी कहते हैं कि हम आदिवासी बनाम जेनरल की जातिवादी करते हैं पर सर्विस करते हुए इतने वर्ष हो गयें हम कभी भी ये कार्य नही किये है और न ही आपलोग सुने होंगे। मैं कोई जात पात और धर्म नही करती हूँ सबको साथ लेकर चलती हूँ। शिक्षक समुदाय के हित के लिए मै हमेशा तत्पर रहकर कार्य करती हूँ और आगे भी करती रहूंगी। हमारे संस्कार मे नही है पैसा लेना।

श्रीमति अनुपा मिंज ने आगे कहा कि बीईओ घनश्याम चौधरी कहते हैं कि यूसुफ अंसारी ज्यादा जानकारी रखते हैं। तो क्या केवल यूसुफ अंसारी ही प्रतियोगिता परीक्षा पास करके आये है और हमलोग का ऐसे ही बहाली हो गयी क्या? बीईओ के बयान से लगता है कि यूसुफ के रिटायर होने के बाद भी उसे रखेंगे क्या? श्रीमति अनुपा मिंज ने आगे कहा कि यूसुफ अंसारी ग्रेड फोर का वेतन उठा रहे हैं। और कार्य कर रहे हैं सहायक शिक्षक का। आखिर क्यों वे विद्यालय का प्रधानाध्यापक का पद भार संभालना छोड़कर बीईओ के साथ विद्यालय विद्यालय जाकर भ्रमण कार्य कराते हैं। महिला विंग की प्रखंड अध्यक्ष प्रभा टोप्पो ने कहा कि बीईओ अपना पाप छुपाने के लिए वे हम पर आरोप लगा रहे हैं और गलत बयान बाजी कर रहे हैं। बीईओ कहते हैं कि स्कूल टाईम मे नही बुलाते है तो फिर स्कूल टाईम लेकर बीईओ यूसुफ अंसारी को साथ लेकर विद्यालय विद्यालय ले जाकर क्यो जाते हैं।

## कर्मचारी संघ का धरना-प्रदर्शन व मांग- सभा आयोजित



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया म्युनिसिपल वर्कर्स फेडरेशन नई दिल्ली के आह्वान पर झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ जिला शाखा-लोहरदगा के तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन व मांग- सभा आयोजित किया गया। मौके पर राज्याध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि ₹अविकसित देश भारत में ठेकेदारी प्रथा चलाना देश को 80 साल पीछे ढकेलने के समान है, क्योंकि इससे देश का विकास नहीं, बल्कि ह्रास और मजदूरों का शोषण अनवरत जारी रहेगा। इससे पहले पुरानी नगरपालिका कार्यालय के बिरसा मुंडा की मूर्ति पर पुष्पांजलि करते हुए मेन रोड होकर शहीद अशफाक उल्लाह खान चौक बगडू मोड़ होते हुए अपर बाजार महावीर चौक में मांग-सभा के बाद कार्यक्रम को समाप्त करने की घोषणा की गयी।

## छिपादोहर चोरी मामले में दो चोर गिरफ्तार

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरी हुई वाहन वाशिंग मशीन और वाशिंग मशीन ढोने में प्रयुक्त ऑटो टेंपो के साथ दो चोरों को पकड़ते हुए पुलिस ने पूरे मामले का उद्भेदन किया है। मामले को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ दिलु लोहार, पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर काशी महली ने बताया कि बीते 3 जुलाई को थाना क्षेत्र के लक्ष्मी वाहन वॉशिंग सेंटर से अज्ञात चोरों द्वारा वाहन धोने वाला वाशिंग मशीन और उसमें लगे मोटर की चोरी कर लिया था। घटना के बाद दुकानदार अशोक प्रसाद द्वारा लिखित आवेदन देकर 3 जुलाई 23 को प्राथमिकी दर्ज कराया था। पुलिस ने सक्रियता से चोरी किया गया वाशिंग मशीन सामान ढोने में प्रयुक्त ऑटो टेंपो को जब्त किया गया है। जबकि इस मामले में जियाउल हक उर्फ बबलू ताबर (सतबरवा) निवासी और कुदुस अंसारी ताबर सतबरवा निवासी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि मामले में शामिल दो अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। एसडीपीओ ने बताया कि चोरी कांड में शामिल जियाउल हक का आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पूर्व लेस्लीगंज पलामू में चोरी के मामले में जेल जा चुका है। और वर्तमान में जमानत पर छूटा हुआ है। मामले के उद्वेदन में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, केस के अनुसंधान कर्ता काशी माली, सअनि राजेश कुमार और छिपादोहर पुलिस के जवान शामिल थे।

## पुनर्वास गांव को मूलभूत सुविधा मिलेगी : हिमांशु मोहन



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में पलामू टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में स्थित 3 गाँवो के ग्रामीणों के पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में पीटीआर के कोर क्षेत्र में स्थित कुजरूम, जयगीर और लादू ग्राम के ग्रामीणों का सरयू प्रखंड अंतर्गत चोरहा पंचायत के लाई गाँव में पुनर्वास किये जाने पर विमर्श किया गया। इस क्रम में पुनर्वासित किये जाने वाले परिवारों को भूमि और मुआवजा की राशि उपलब्ध कराये जाने से सम्बंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में पुनर्वास के लिए चयनित गाँव में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर भी चर्चा किया गया। वहीं उप निदेशक पीटीआर दक्षिणी कुमार आशीष, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर उत्तरी ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी समेत कुजरूम, जयगीर, लादू गाँव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीपीएससी में सफलता प्राप्त कर अंकेक्षण पदाधिकारी बनीं रानी कुमारी




बालूमाथ (आजाद सिपाही)। आज 4 सितंबर 2023 को विद्या कोचिंग सेंटर में राष्ट्रगाण से समारोह का आयोजन कर रानी कुमारी को सम्मानित किया गया। रानी कुमारी ने 2006 में माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसके बाद लंबा संघर्ष उन्होंने इस मोकाम को हासिल करने के लिए किया। आज रानी कुमारी ने बीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अंकेक्षण पदाधिकारी पद पर नियुक्त हुईं हैं। इस अवसर पर रानी कुमारी के माता पिता, शिक्षक निर्मल सिन्हा, अवनिकान्त पाठक, ज्ञानेश्वर पाठक, ओमप्रकाश सर, राजीव रंजन पांडेय, बिनोद साहू, संतोष सिन्हा, के अलावा सैकड़ो छात्र और छात्राएं मौजूद रहे। रानी कुमारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मेरी माध्यमिक स्तर तक कि पढ़ाई विद्या कोचिंग सेंटर के निर्देशन में सफलता पूर्वक पूर्ण की। सभी गुरु जनों को सादर नमन है।

## एकजुटता से हर समस्या का हल संभवः राहुल गुप्ता



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। सोमवार को सामुदायिक भवन के प्रांगण में व्यवसायिक समिति के संगठन विस्तार हेतु नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक राज की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी। जिसमें हर क्षेत्र से दुकानदारों को पद से सुभोषित किया गया और समिति को मजबूत बनाने हेतु जिम्मेदारी दी गयी। जहां अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि व्यवसायियों की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरने ब्लॉक और जनप्रतिनिधियों का घेराव करने की भी जरूरत पड़ी तो पीछे नहीं हटेंगे। जिसके बाद समिति का विस्तार किया गया। जिसमें महासचिव जैकी चौरसिया और रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, लौकेश प्रसाद, इंतियाज और स्वरीत छाबड़ा, सचिव - सोनू सिंह बस स्टेंड, राजेश वर्मा और अमन गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनू सरदार, सुभम दुबे और अख्तर खान, देवराज अग्रवाल और प्रिंस गुप्ता को बनाया गया। इसके अलावा सलाहकार समिति में सुशील मेहता, मदन प्रसाद गुप्ता, रईस, विवेक सिंह और पिंटू सिन्हा को बनाया गया। मीडिया सलाहकार में संजय कुमार, प्रमोद कुमार, शशि शेखर, अर्जुन विश्वकर्मा और मयंक विश्वकर्मा को रखा गया।

## कच्ची सड़क से ग्रामीण परेशान, जनप्रतिनिधि नहीं देते ध्यान



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका से भदईबथान सधवाहीह जाने वाली सड़क जान्हो होते हुए पांकी जाने वाली मुख्य सड़क भदईबथान में आजादी के बाद के बाद मनिका प्रखंड मुख्यालय से एक किलोमीटर सड़क का ऐसा हाल है गाड़ी से चलना तो दूर की बात है कोई आदमी या जानवर को भी पार होना मुश्किल का सामना करना पड़ता है क्योंकि सड़क इतनी खराब है। पांकी से आने वाली गाड़ी को काफी दिक्कत का सामना करना पढ़ रहा है। वहां के ग्रामीणों ने मनिका विधानसभा के विधायक से निवेदन किया सड़क को जल्द से जल्द बनाया जाए यहां के ग्रामीण जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर वार्ड सदस्य पति पंकज यादव, समाजसेवी गोविंद, सुजीत, उमेश, विनोद, सामोदी सेमत कई लोग मौजूद थे। इस संदर्भ में पूछे जाने पर मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। प्रयास जारी है। मामले को डीसी से अवगत कराया जा चुका है।

## छात्राओं के साथ मारपीट करने के आरोपी शिक्षक गिरफ्तार कर भेजे गये जेल

**जल्द बाकी फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी : थाना प्रभारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के गुडू स्थित कृषक उच्च विद्यालय, गडरी गुडू के दो आरोपी शिक्षक सचिव अशोक महतो व प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी को रातू पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार दोनों शिक्षकों के विरुद्ध स्कूल की छात्रा के साथ मारपीट करने का आरोप है। गौरतलब हो कि स्कूल के चार शिक्षकों स्कूल के सचिव अशोक महतो, प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी एवं सहायक शिक्षक निरंजन महतो व स्वेता तिर्की ने पिछले दिनों स्कूल की तीन छात्राओं के साथ स्कूल नहीं आने का आरोप लगाते हुए मारपीट की थी, जिससे एक छात्रा साक्षी कुमारी ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली थी। छात्रा की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने 28 अगस्त को एनएच भी जाम किया था। घटना के बाद से ही चारों आरोपी फरार थे। रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर रातू पुलिस ने चार आरोपियों में से प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी व सचिव अशोक महतो को बेड़ो थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल दो आरोपी अभी भी फरार हैं। रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने कहा कि जल्द बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अनगड़ा के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में खेलगांव में आयोजित 14वें नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 जुनियर वर्ग में प्रखंड के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड मेडल तथा एक ब्रोंज मेडल अपने नाम किया। हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में 2 सितंबर से 4 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अनगड़ा के नीरज बेदिया ने 35 किलोग्राम में गोल्ड तथा रेणुका मुण्डा ने ब्रोंज मेडल हासिल कर अनगड़ा का नाम रौशन किया। मालूम हो कि कोच संजय मुण्डा के नेतृत्व में यहां के बच्चों ने ताइक्वांडों में राजकीय एवं राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता अर्जित की है। बाद में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अपने हाथों से विजेता नीरज बेदिया एवं रेणुका मुण्डा को भगवान बिरसा मुण्डा ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

## हैदराबाद में एक्सपोजर विजिट प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगी अनगड़ा और चान्हो प्रमुख



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज विभाग द्वारा झारखण्ड के 20 जिलों के 35 प्रखंड प्रमुखों का हैदराबाद में एक्सपोजर विजिट (परिचायात्मक दौरा) प्रशिक्षण कराया जाएगा। हैदराबाद के नर्ड में आयोजित होने वाले एक्सपोजर विजिट में रांची जिले से दो महिला प्रखंड प्रमुखों का चयन किया गया है। जिसमें अनगड़ा की प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव तथा चान्हों की प्रमुख होलिका देवी शामिल हैं। दोनों का चयन एक्सपोजर विजिट के लिए किया गया है। इस संबंध में प्रमुख दीपा उरांव ने बताया कि हैदराबाद में 10 से 14 सितंबर तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें मेरा और चान्हों प्रमुख का चयन हुआ है। एक्सपोजर विजिट के लिए चयन होने पर उन्होंने खुशी व्यक्त की। वहीं प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी।

## रातू हुरहुरी का युवक लापता, पत्नी ने रातू थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी



**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी निवासी स्व. बिगलु उरांव का 29 वर्षीय पुत्र सुनील उरांव 2 सितंबर से लापता है। मामले को लेकर पत्नी रेखा देवी ने रातू थाने में पति की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक युवक सुनील उरांव अपनी पत्नी के साथ एक सप्ताह पहले अपना ससुराल राहे सुवरमरा गांव गया था। पत्नी 1 सितंबर को वापस अपना ससुराल वापस आ गयी। वहीं पति सुनील अपने ससुराल में ही रुक गया। 2 सितंबर की सुबह 9 बजे सुनील अपना घर हुरहुरी आने के लिए निकला, परन्तु दो दिन बीत जाने के बाद भी वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने आस-पड़ोस व संगी संबंधियों के यहां काफी खोजबीन की परन्तु सुनील का कुछ पता नहीं चल पाया। सुनील के दो पुत्र संजीत व संदीप उरांव तथा पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। पत्नी रेखा देवी ने रातू थाने में आवेदन देकर पुलिस से पति को ढूंढने की गुजारिश की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मां बेटे ने मेडल जीत कर बढ़ाया खूंटी का मान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रांची के खेलगांव में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2023 में खूंटी बिरसा कॉलेज के हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रियंका कुमारी ने रजत और उसके नौ वर्षीय पुत्र तेजस आनंद ने स्वर्ण पदक जीतकर खूंटी का मान बढ़ाया। ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना में कक्षा प्रथम के छात्र तेजस आनंद ने प्रतियोगिता के सब जूनियर अंडर 27 किग्रा वर्ग में भाग लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि उसकी मां डॉ प्रियंका कुमारी ने सीनियर अंडर-52 किग्रा में रजत पदक हासिल किया। खूंटी के इतिहास में पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मां-बेटे ने भाग लिया और दोनों पदक जीत कर इतिहास रचा। ताइक्वांडो खेल जगत में खूंटी के मां-बेटे की इस उपलब्धि पर जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव गुलाम अब्दुल कादिर, बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्रचार्या जीके किड़ो, खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता सहित सभी प्राध्यापकों, कॉलेज कर्मी और अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

**कार्यक्रम : ओरमांझी मंडल भाजपा ने किया 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन**

# अमृत महोत्सव वर्ष में अमृत वाटिका का हो निर्माण : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद ने कुच्चू पुराना तलाब बगीचा परिसर में चंदन का पौधा लगाकर पौधरोपण कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** भाजपा ओरमांझी मंडल के द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिट्टी के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए मोदी जी ने लोगों को अमृत वाटिका बनाने के लिए संकल्प करा रहे हैं। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कुच्चू में तालाब का सुंदरीकरण कार्य हो रहा है। तालाब के सुंदरीकरण में सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी व राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद कुच्चू पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद के द्वारा चंदन का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में पर्यावरण पर संकट मंडरा रहा है। पर्यावरण को संतुलित करने के उद्देश्य से मोदी जी लोगों को अमृत वाटिका लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा अभी आजादी का अमृत काल चल रहा है इसीके तहत अमृत उद्यान बनाने का अभियान गांवों में चल रहा है। पर्यावरण को सुरक्षित करने के साथ-साथ मनुष्य व पशु-पक्षी को भी संरक्षित करने की आवश्यकता है। राज्य सभा सांसद ने कहा कि भाजपा का अभियान है अमृत काल में गांव गांव अमृत वाटिका हो। इसके लिए एक-एक लोग को जोड़ने की आवश्यकता है।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी व राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कुच्चू पुराना तलाब बगीचा परिसर में चन्दन का पौधा लगा कर पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस परिसर में आम, जामुन, नीम, कटहल, पीपल सहित 125 पौधे लगाये गये।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, बालक पाहन, नरेंद्र कुमार सिंह, राज किशोर साहू, अलखनाथ महतो, गिरधारी महतो, दुर्गा शंकर साहू, नन्दकिशोर साहू, सत्यनारायण तिवारी, जयगोविंद साहू, अजय साहू, दीपक बड़ाईक, बालक महतो, संतोष गुप्ता, संतोष कुशवाहा, आनन्द महतो, संजय साहू, शशि मेहता, बालक महतो, राजधाम साहू, किरन देवी, दीपा चौरसिया, मीना देवी, अजय सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'मेरी माटी मेरा देश' व विजय संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर भाजपा ने की तैयारी बैठक

**8 अक्टूबर को टाटीसिलवे में होने वाली विजय संकल्प यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण है : रामकुमार पहान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा मंडल की एक बैठक गोंदलीपोखर में सोमवार को मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम तथा आगामी 8 अक्टूबर को आयोजित विजय संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए तैयारी बैठक की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहा कि आगामी 8 अक्टूबर को ईइएफ ग्राउंड टाटीसिलवे में होने वाली विजय संकल्प यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इस यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने को लेकर अभी से ही जनसंपर्क अभियान तेज किया जाना चाहिए। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, जिला किसान मोर्चा के दुर्गा महतो, सुनील महतो, राजेन्द्र महतो, छककनलाल महतो, रामेश्वर महतो, अगमलाल महतो, सुरेश महतो, संतोष महतो, सोहन मुण्डा, अजय सिंह भोगता, परमेश्वर महतो, सुप्रेश महतो, हरिहर महतो, राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बुढ़मू में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के सीरम स्कूल उलातू मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उलातू गांव निवासी देवनंदन महतो (30) और उसकी पत्नी गीता देवी साइकिल से सिरम गांव मजदूरी काम करने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से जा रहे टर्बो ने सीरम स्कूल उलातू मोड़ के पास पीछे से जोरों से धक्का मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही देवनंदन महतो की मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बुढ़मू पुलिस को दी। घटनास्थल पर बुढ़मू पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक अपने पीछे दो बेटे शिवम कुमार (15) और सत्यम कुमार (12) को एवं पत्नी को छोड़ गया।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रशिक्षण जरूरी है : अरवा राजकमल

**प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह का किया गया आयोजन**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूलरुम टाटीसिलवे रांची में सोमवार को सीएनसी टर्निंग एवं बेसिक कंप्यूटर एंड इंटरनेट विद फोटोशोप के प्रशिक्षण का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में कुल 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रीज झारखंड सरकार अरवा राजकमल उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत टूलरूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता के द्वारा पुष्प-गुच्छ देकर किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि का टूलरुम का भ्रमण कराया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि के हाथों छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान टूलरुम के प्राचार्य महेश गुप्ता द्वारा छात्रों को बधाई देते हुये विभिन्न कोर्स के बारे में जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में टूल संस्थान में मौजूद संसाधनों की तारीफ और छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के महत्व को बताया। ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो के द्वारा पावरपोइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से टूलरुम में चल रहे विभिन्न गतिविधियों से मुख्य अतिथि को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो एवं समापन भाषण टूलरुम के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टूलरुम के सभी फैकेल्टीज का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**कार्यक्रम : सीआइटी में भारतीय वायु सेना का करियर पब्लिसिटी प्रोग्राम आयोजित**

## विद्यार्थियों ने इंडक्शन व्हीकल एग्जिबिशन से रोमांचकारी पलों का अनुभव किया

**युवाओं को भारतीय वायु सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा के लिये प्रेरित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है : विंग कमांडर ए. प्रकाश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को भारतीय वायु सेना के तत्वावधान में एक दिवसीय करियर पब्लिसिटी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मौके पर लगाये गये इंडक्शन व्हीकल एग्जिबिशन के माध्यम से रोमांचकारी पलों का अनुभव किया। विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर ए. प्रकाश ने कहा कि युवाओं को भारतीय वायु सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा के लिये प्रेरित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में अधिकारी बनने के लिये परीक्षा की तैयारी से लेकर नौकरी के बाद मिलने वाली सारी सुविधा व सहूलियत की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिये। विंग कमांडर प्रकाश ने विद्यार्थियों को बताया कि वे भारतीय वायु सेना के सोशल साइट दिशा का निरंतर अवलोकन करें। यहां से उन्हें अपडेटस हासिल होते रहेंगे। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरशद उस्मानी, स्क्वाड्रन लीडर अनुराग अग्रवाल, मिधून पी समद, पार्थ व फ्लाइट लेफ्टिनेंट जश ज्योत सिंह के अलावे डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ के पी दत्ता, ओएसडी पी एस शर्मा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर प्रो.अंकित सिंह के अलावे सभी विभागों के विभागध्यक्ष व शिक्षक मुख्य रूप से मौजूद थे। करियर पब्लिसिटी प्रोग्राम के दौरान भारतीय वायु सेना द्वारा इंडक्शन व्हीकल एग्जिबीशन लगाया गया था। जिसके माध्यम से सेना के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को वायु सेना के उड़ने वाले जहाजों से लेकर फाइटर विमान और अन्य उपकरणों की लाइव जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने फ्लाइंग सिमिलेटर मशीन में बैठकर विमान उड़ाने के रोमांचकारी पल का अनुभव भी किया। वहीं सेना में कार्यरत पायलटों के पहनावा और उनके लाइफ स्टाइल से वाकिफ हुये।

प्रदर्शनी में वायु सेना के जहाजों सुखोई, मिराज, राफेल, अपाचे चीनूक के प्रोटोटाइप के माध्यम से उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मांडर विधायक ने की बेड़ो प्रखंड की सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें शिक्षा विभाग, कृषि विभाग कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा जेएसपीएल सहित सभी पंचायत सेवक, पदाधिकारी के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं पिछली बैठक में दिये गये टास्क के बारे में चर्चा की गयी। योजनाओं को धरातल पर उतारा गया या नहीं, कौन सी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाना है। साथ ही दिये गये टास्क में कितने कार्यों पर कार्रवाई हुई और कितने में कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारियों ने बारी बारी से सरकार द्वारा निर्देशित और अपने द्वारा किए जा रहे योजनाओं का जानकरी दी। विधायक ने नरकोपी एवं बेड़ो के थाना प्रभारी से जनवरी से अभी तक की घटनाओं कितने मे कार्रवाई की गयी। वहीं घटना वाले क्षेत्र में गश्ती बढ़ाएं। वहीं विधायक ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार अपने कार्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ डा. प्रवीण कुमार, प्रमुख, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, संजय कच्छप के अलावा प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## समाज में आपसी प्रेम धर्म और संस्कृति का अलख जगा रहा है अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद समाज में धर्म, संस्कृति और आपसी प्रेम का अलख जगाने हेतु कृत संकल्पित है। इसी कड़ी में नामकुम स्थित नारायणी पूरम अपार्टमेंट के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की पूर्व संध्या पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की राष्ट्रीय महिला इकाई और ओजस्विनी के 'बच्चे ही आगे' नामक शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद झारखंड प्रदेश महामंत्री दिलीप वैद्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने राधा कृष्ण के वेश में मंच पर आकर उपस्थित लोगों के समक्ष आपसी प्रेम सौहार्द और अपने संस्कार को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में गीत संगीत की शुरुआत मुंबई फिल्म जगत से जुड़े अभिनेता, गायक और अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के रांची जिला विभागाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र ने हरिओम शरण गीत, गणपति वंदना से की। जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। कार्यक्रम में नीता शर्मा, समीर, डॉली सिंह के अलावा कई कलाकारों ने अपने गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को उपहार दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय महिला परिषद की अध्यक्ष तन्द्रा मुखर्जी और मंच संचालन नीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिन्दू हेल्पलाइन के अध्यक्ष राजीव मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद रांची विभाग अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, राष्ट्रीय महिला परिषद प्रदेश मंत्री सीमा शर्मा, राष्ट्रीय महिला परिषद रांची महानगर मंत्री डॉली सिंह, राष्ट्रीय महिला परिषद की दीपा श्रीवास्तव के अलावा तानिया, डिम्पल, संगीता, रीना, मिताली, गिरजा, पिंटू सिंह, अजित दूबे आदि मौजूद रहे।

## बेड़ो में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में होगी। जिसमें बैठक की प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश जिला व बेड़ो व नरकोपी मंडल स्तर के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक बुलाई गई है। यह जानकारी नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू ने दी।

## लापुंग प्रखंड के शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस की सारी तैयारियां पूरी



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों सहित सरकारी विद्यालयों में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। विद्यालयों में इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सोमवार को विद्यालयों में शिक्षक दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल किया गया। लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुम टोली, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरनाटोली, राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुदगुद सहित विभिन्न विद्यालयों में स्कूली छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर दिनभर तैयारी में लग रहे। स्कूली छात्र-छात्राएं विभिन्न विद्यालयों में अपने गुरुजनों को सम्मान स्वरूप अलग-अलग तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षकों को सम्मानित करने की भी तैयारी की गई है। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के छात्र-छात्राओं ने भी जोरदार तैयारियां की है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरनाटोली (खटंगा) ककरिया में प्रधान शिक्षिका रूथ बेरनादेत लकड़ा ने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के संबंध में कई तरह के अलग-अलग दिशा निर्देश दिए। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में प्रधान शिक्षक प्रकाश उरांव, जितेंद्र उरांव तथा सहायक अध्यापक समीउल्लाह हक उर्फ अलीम सर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने मार्ग निर्देशन में कार्यक्रम की सफलता के लिए रिहर्सल कराया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुम टोली में प्रधान शिक्षक रुपेश कुमार पाठक जबकि नव प्राथमिक विद्यालय उनीकेल में उर्मिला कुमारी की देखरेख में कार्यक्रम की तैयारी की गयी। उन्होंने भी बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के रिहर्सल में अपना मार्ग निर्देशन दिया।

**निर्देश :** डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय व नगर परिषद कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# अधिकारी-कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचे : शशि रंजन

**रेहला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंच कर लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** पलामू डीसी शशि रंजन ने सोमवार को विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों की उपस्थिति पंजी, डाक रजिस्टर, रोकड़ पंजी, दाखिल-खारिज आवेदन सहित कई अभिलेखों की जांच की। प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं का विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का भी जायजा लिया। डीसी शशि रंजन ने प्रखंड सह अंचल कर्मियों को समय से कार्यालय पहुंचने की हिदायत दी। कहा कि समय पर कार्यालय आएं और आम लोगों के कार्यों का निष्पादित करें। इस दौरान डीसी विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय भी गए जहां कई चीजों का निरीक्षण भी किया। नप अधिकारियों और कर्मचारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिया। इसके बाद उपयुक्त रेहला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गए और वहां भी निरीक्षण किया। छात्राओं को मीनू के अनुसार भोजन देने के लिए वार्डेन को निर्देशित किया। इस मौके पर डीडीसी रवि आनंद, बीडीओ विक्रम आनंद, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, प्रमुख रम्भा कुमारी आदि उपस्थित थे।



विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण करते डीसी शशि रंजन।

# पइन की सफाई से दर्जनों गांव के किसानों को होगा लाभ: कमलेश

- रामेश्वर बांध से निकली पइन के सफाई कार्य का विधायक ने किया ऑनलाइन शिलान्यास
- कहा सभी पंचायतों में सरकार करवा रही कूप निर्माण, जरूरतमंद किसान आवेदन देकर उठाएं लाभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के रामेश्वर बांध से निकली पइन की सफाई कार्य का विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सोमवार को ऑनलाइन शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि लगातार अकाल सुखाड़ की मार झेल रहे किसानों ने विगत दिनों उनसे रामेश्वर बांध से निकली पइन की सफाई कराने का आग्रह किया था। उन्होंने किसानों की मांग पर विधायक मद की राशि से पइन की सफाई कराने की अनुसंशा कर स्वीकृति दिलाया, ताकि किसानों के खेती तक पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक पंचायत में सरकार की ओर से कूप निर्माण कराया जा रहा है। जिन किसानों को जरूरत है, वह प्रखंड कार्यालय में आवेदन देकर इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह काशी सोत से लिफ्ट के माध्यम से सिंचाई की जल्द व्यवस्था कराने की कोशिश में जुटे हैं। इसका लाभ दर्जनों गांव के किसानों को मिलेगा। वहीं, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने कहा कि रामेश्वर बांध पाइन के जीर्णोद्धार से कुकही, मुगलजन, नयकाडीह, भैंसना समेत दर्जनों गांव के किसानों को लाभ होगा। उन्होंने इस काम के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, मिथिलेश सिंह, चंदन तातो, राकेश प्रसाद, लगन मेहता, उदेश मेहता और गुड्डू मेहता आदि मौजूद थे।

# भू-माफिया हड़प रहे एनपीयू की जमीन : विद्यार्थी परिषद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की जमीन भू माफियाओं एवं असामाजिक तत्वों द्वारा हड़पा जा रहा है। कहा कि गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के पास 84 एकड़ जमिन थी जिसमें सर्वसम्मति से 25 एकड़ विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए दिया गया था। पर विश्वविद्यालय की चारदीवारी नहीं होने की स्थिति में लगातार भू माफियाओं द्वारा जमीन को हड़पा जा रहा है। बावजूद इसके विश्वविद्यालय प्रबंधन मौन है। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से विश्वविद्यालय जमीन को हथियाया जा रहा है। नवनिर्मित विश्वविद्यालय बनने से पूर्व जमीन की मापी कर चारदीवारी बनाने की आवश्यकता थी पर विश्वविद्यालय के भ्रष्ट कार्यप्रणाली एवं छात्रों के हितों को मारने वाले ठेकेदारों की ओर से विश्वविद्यालय का निर्माण बिना चारदीवारी के ही किया गया।



# मंहगाई के विरोध में बीजेएम ने कचहरी परिसर में दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महंगाई एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनतंत्र मोर्चा पलामू जिला कमेटी की ओर से राज्य व्यापी महा धरना का आयोजन सोमवार को स्थानीय कचहरी परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे व संरक्षक गणेश दत्त पांडे ने संयुक्त रूप से किया। जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष हरि नारायण प्रजापति ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री गोरख पाठक ने किया। भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ ही राजपाल के नाम डीसी को ज्ञापन भी सौंपा गया। महाधरना कार्यक्रम में रोहित मेहता, सुनील सिंह, प्रेम रंजन तिवारी, गणेश दत्त पांडे व गोरख पाठक,प्रवीण सिंह आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में रोजमर्रा की वस्तुएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। राज्य की आम जनमानस को अपने परिवार का पालन-पोषण करना दूभर होता जा रहा है। एक तो बढ़ती महंगाई और चरमसीमा पर भ्रष्टाचार। सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। गरीब की थाली से दाल और सब्जी करीब-करीब तिरोहित हो गयी है। कोई दाल खा लेता है तो उसे सब्जी मयस्सर नहीं होती। कोई चावल खा लेता है, तो उसे रोटी मयस्सर नहीं होती। ऐसे बहुत कम लोग हैं जो रोटी-सब्जी और चावल-दाल खाने की स्थिति में हैं। ऐसा झारखंड में इसके पहले कभी नहीं हुआ था।









# सोनपुरवा राउमवि में प्रधानाध्यापिका पर फर्जी हस्ताक्षर कर 65 हजार रुपये निकालने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सोनपुरवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय (राउमवि) की प्रधानध्यापिका द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर अवैध निकासी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत हुसैनाबाद उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को पत्र भेजकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से बताया कि हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरवा राउमवि की प्रधानाध्यापिका अर्चना कुमारी के फर्जी हस्ताक्षर कर भेंडर की मिलीभगत से 65 हजार 336 रुपये की निकासी कर ली है। यह बात तब सामने आई जब भेंडर द्वारा स्कूल के अध्यक्ष व संयोजिका ने एक लिखित आवेदन दिया था। ग्रामीणों के समक्ष उक्त प्रधानाध्यापिका ने इस बात को स्वीकार भी किया था। जिसके बाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने विद्यालय जाकर जांच भी किया था। हालांकि जांच के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश हैं। वहीं बीईओ के जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे है। जब ग्रामीणों की शिकायत पर हमने स्कूल का भौतिक स्थिति का अवलोकन किया तो उक्त प्रधानाध्यापिका द्वारा अमर्यादित व्यवहार किया गया जो एक सरकारी सेवा अधिनियम के तहत गलत है। इतना ही नहीं, प्रधानाध्यापिका द्वारा जिन-जिन वेंडर से समाग्री खरीदी गई है। उसमें एक भी सामग्री का उपयोग नहीं हुई हैं। जांच के दौरान शौचालय भी बंद मिला। पूर्व में उक्त विद्यालय में एमडीएम चावल का भी गबन किया गया था।











# मंहगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस के तत्वाधान में महंगाई, लूट व केंद्र की मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को एकदिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जैन रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। जबकि संचालन नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया व धन्यवाद ज्ञापन अजय साहू ने किया। धरना में उपस्थित कांग्रेसियों ने जमकर मोदी सरकार की आलोचना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में है। केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर व गरीबों को और गरीब बना रही है। यह बहुत आश्चर्य की बात है। प्रधानमंत्री जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आम जनों को पीड़ा की कभी परवाह नहीं की अब चुनाव के नजदीक आने पर जनता के दर्द का एहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपये कम कर दी। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई चिंता का विषय है। खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है। सिर्फ सत्ता के भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है। पेट्रोल 100 के पार, डीजल 96 पर है, जिससे आम जनता बेबस और लाचार है। पर मोदी सरकार केवल अपने चांद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोचती है। धरना में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव लक्ष्मी नारायन तिवारी, श्याम नारायण सिंह, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, ओम प्रकाश अमन, ईश्वरी सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, सच्चिदानंद मिश्रा, विद्या सिंह चेरो, सुधीर चौबे, मिथिलेश सिंह, सोनू खान, रिजवान खान, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडे, मोहम्मद फैयाज, अशोक पासवान, नवल किशोर पाठक, अवध किशोर सिंह, रुद्र शुक्ला, गुप्तेश्वर पांडे सहित काफी संख्या कांग्रेसी मौजूद थे।




# आंगनबाड़ी सेविकाओं को फंसाने का हो रह षड्यंत्र : शिववंश मिश्रा

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय संयोजक शिववंश मिश्रा ने कहा कि बच्चों के पोषाहार का कालाबाजारी आपूर्तिकर्ता और दुकानदार की मिलीभगत से हो रही है। षड्यंत्र के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा। वे सोमवार को विश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। बताते चलें कि विश्रामपुर से एक पिकअप पोषाहार हरिहरगंज बाजार में बेचने जा रहा था। जिसे नावा बाजार पुलिस ने जब्त किया था। कालाबाजारी करने वालों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि यह पोषाहार सेविकाओं से लिया गया था।

















आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 05 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



**कार्रवाई :** दोनों महिलाओं पर सरकारी काम में बाधा डालने और पांच लाख रंगदारी मांगने का आरोप

# बासदेवपुर में कचरा डंपिंग के विरोध में धरना दे रही रूपा व लीलू देवी गिरफ्तार, बाद में छोड़ा

**दोनों महिलाओं ने निगम व पुलिस पर लगाया झूठे मामले में फंसाने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता





सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में दो महलाओं को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस। बासदेवपुर में कैंप करती पुलिस।

**लोयाबाद।** बासदेवपुर में शहर का कचरा डंप किए जाने का विरोध कर रहे लोगों पर जिला प्रशासन की कार्रवाई शुरू हो गई है। आंदोलन कर रही अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ की प्रखंड अध्यक्ष रुपा देवी और लीलू देवी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस दिन दोपहर दो बजे जिला बल के साथ निगम के अधिकारी पहुंचे और कचरा डंपिंग मार्ग पर धरना दे रहे ग्रामीणों में से दो महिलाओं को जबरन वहां से उठाया और थाने ले गई। करीब एक घंटे के भीतर दोनों को धनबाद जेल भेज दिया गया। दोनों महिलाओं पर पहले दिन कचरा डंपिंग का विरोध करने के बाद सरकारी काम में बाधा डालने के साथ ही पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला दर्ज किया गया है। इसी मामले में पुलिस ने दोनों महिलाओं को जेल भेजा है। इधर, पुलिस की कार्रवाई के बाद कचरा डंपिंग चालू हो गया है। पुलिस व निगम के अधिकारी कैंप करते हुए डंपिंग करा रहे हैं। गौरतलब हो कि शनिवार से विरोध के कारण कचरा डंपिंग ठप था। निगम के कचरा का वाहन बासदेवपुर से लौट गया था। बतातें चलें कि विगत 25 अगस्त को कचरा गिराने का विरोध करने वाले ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था। पुलिस ने सिटी मैनेजर सब्बीर आलम की लिखित शिकायत पर रुपा देवी, लीलू देवी व संतोष कुमार सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। वहीं, लोयाबाद के थाना प्रभारी राजन राम ने कहा कि दोनों महिलाओं पर 25 अगस्त की घटना में केस दर्ज है। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने व पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है। इनकी गिरफ्तारी वरीय अधिकारी के आदेश से हुआ है। दोनों को जेल भेज दिया गया।

# केंद्र की मोदी सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल : संतोष सिंह

**केंद्र सरकार के खिलाफ धनबाद जिला कांग्रेस ने रणधीर वर्मा चौक पर दिया धरना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को गैस सिलेंडर, खाद्य सामग्रियों सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि और आदि के प्रतिवाद में कांग्रेस की ओर से एक दिवसीय धरना देते हुए प्रदर्शन किया गया। जिसकी अगुवाई जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। जिसमें झारखंड के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं, धरना को संबोधित करते हुए संतोष सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों एवं पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस सिलेंडर एवं खाद्य सामग्रियों की कीमतों में बेहताशा वृद्धि कर लोगों की कमर तोड़ दी है। देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। बीते दिनों गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती कर मोदी सरकार ने लोगों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया है। जो एक चुनावी स्टंट है। रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी रही है जो कि पिछले सात वर्षों में दोगुणा से भी ज्यादा हो गई। 2020 से केंद्र सरकार ने गैस सिलेंडरों पर सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। मोदी सरकार के राजनीतिक स्टंट को कांग्रेस आम जनता के बीच सार्वजनिक करेगी और 2024 के चुनाव में भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। वहीं, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक एवं कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लोगों से किया गया हर एक वादा जुमला साबित हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। इस दौरान धरना में मुख्तार खान, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्नवर सिंह यादव, अक्षयवर प्रसाद, कयूम खान, सतपाल सिंह ब्रोका, सरफराज आलम, अशोक प्रकाश लाल, वकील बाऊरी, सीता राणा, पप्पू कुमार तिवारी, बब्लू दास, सूरजकांत मिश्रा, रवि चौबे, गोपाल कृष्ण चौधरी, जहीर अंसारी, दीपक सिंह, संतोष राय, सरफुद्दीन अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

## असंगठित मजदूरों की मांगों को लेकर मासस ने की धनसार कोलियरी प्रबंधन से साथ वार्ता

**धनसार।** विश्वकर्मा परियोजना के असंगठित मजदूरों की छह सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को मासस महानगर कमेटी व धनसार कोलियरी परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार के बीच वार्ता हुई। जिसमें प्रबंधन ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा नई आउटसोर्सिंग कंपनी से एक सप्ताह के अंदर त्रिपक्षीय वार्ता करवाने के साथ ही लोडिंग में कार्यरत मजदूरों के लिए 15 हजार टन कोयला उपलब्ध कराने का भी अश्वासन दिया। मासस की ओर से नेतृत्व कर रहे महानगर सचिव विजय पासवान ने कहा कि अगर प्रबंधन ने इन मांगों पर वादाखिलाफी किया तो आंदोलन किया जाएगा। वार्ता में मासस की ओर से महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, जिला सचिव दिलीप कुमार महतो, महानगर सचिव विजय कुमार पासवान, भगवान पासवान, महेंद्र भुईयां, खेदन राय, गणेश चौहान, नरेश मलिक, धनेशर चौहान, जनकवा देवी, सुनिता देवी, नारी मोर्चा सचिव ललिता देवी, छाताटांड अंचल अध्यक्ष राकेश सिंह, झरीया अंचल सचिव मनीष यादव, राजेश बिरुआ, करण पासवान, राम चौहान आदि असंगठित मजदूर शामिल थे।

# झारखंड की बिगड़ी कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड की बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने सोमवार को जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन भी सौंपा गया। जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में आम लोगों का रहना मुश्किल होता जा रहा है। अपराधी खुलेआम गोली बारी कर लोगों की हत्याएं कर रहे हैं। व्यवसायी डरे सहमे हुए हैं। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। मजदूरों को रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है। इन सब के बावजूद वर्तमान सरकार सभी मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं। जिसे लेकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा आंदोलन के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद सरकार नहीं जागी तो मोर्चा आगे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

**नाराजगी :** बिजली नहीं रहने से अंधेरे में रहने को मजबूर पांच हजार की आबादी

# लोयाबाद सात नंबर में ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



ट्रांस्फॉर्मर की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

**लोयाबाद।** सात नंबर में ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर सोमवार को लोयाबाद कोलियरी में प्रदर्शन किया गया। एटक नेता मनोज मुखिया की अगुवाई में प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। यहां 550 वोल्ट का ट्रांसफार्मर 15 दिन पहले जल गया है। जिसके तीन दिन बाद ट्रांसफार्मर को मरम्मती के लिए कोलियरी ले जाया गया। तब यहां के इंजीनियर तरुण कुमार ने कहा था कि 10 दिनों के भीतर ट्रांसफार्मर बन जाएगा। लेकिन उक्त अवधि में ट्रांस्फॉर्मर नहीं बना। इससे नाराज बीसीसीएल कर्मी व ग्रामीण कोलियरी पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। वहीं, प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे मनोज मुखिया ने बताया कि बरसात की उमस भरी गर्मी में ट्रांसफार्मर जलने से पांच हजार लोगों की मुसीबत दो गुणा बढ़ गई है। लौग रात-दिन गर्मी में परेशान हो रहे हैं। प्रबंधन मजदूरों और गरीबों की मुसिबत को समझ नहीं रहा है। उधर, करीब एक घंटे बाद इंजीनियर तरुण ने कहा कि विलक्प ट्रांसफर्मर की व्यवस्था की जा रही है। करीब एक हजार केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। तब लोग शांत हुए। मनोज ने कहा कि एक सप्ताह में ट्रांसफार्मर नहीं मिला तो, बांसजोड़ा में एरिया पांच का आरएस का गेट जाम करेंगे। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इम्तियाज अहमद ट्रांसफार्मर मरम्मती कराने में लगे हुए है।

**अक्सर ब्रेक डाउन रहती है बिजली:** आंधी-बारिश से लोयाबाद सात नंबर का बिजली अक्सर गुल रहती है। बीते 15 दिन पहले हुई तेज बारिश और आंधी से यहां का ट्रांसफार्मर और स्वीच में पानी चला गया है। तब से करीब पांच हजार की आबादी अंधेरे में है। रातभर बिजली नहीं रहने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 72 घंटे बाद ट्रांसफार्मर का कोयल जल जाने की बात कही गयी है।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (खेल शाखा)

(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 427 दिनांक 01.09.2023 एवं विभागीय अधिसूचना सं0 03 दिनांक 11.03.2023 के द्वारा झारखण्ड राज्य के वैसे **"क्रीड़ा प्रशिक्षक"** जिन्होने अन्तराष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं खिलाड़ियों/टीम को उपलब्धि दिलायी हो और जो झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हो को उनकी उपलब्धि के आधार पर नकद पुरूस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निर्धारित है।

विभागीय संकल्प में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नकद पुरूस्कार राशि/सम्मान राशि प्राप्त करने का अहर्त्ता रखते हो वैसे अहर्त्ताधारी **"क्रीड़ा प्रशिक्षक"** अपना आवेदन विहित प्रपत्र–पत्र में पूर्ण रूप से भरकर **दिनांक 05.09.2023 तक जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय, खूँटी में 3:30 बजे अपराह्न तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।**

नोटः– आवेदन का प्रपत्र एवं इससे विस्तृत जानकारी khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी
खूँटी

PR 306129 District(23-24).D



## JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi - 834004

Letter No – JSRRDA- 1351Ranchi, Dated – 01.09.2023

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

**PR No. 304824 दिनांक–17.08.2023**

इस कार्यालय का पत्रांक– JSRRDA-1158 (अनु०) दिनांक 16.08.2023 द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत पथों के अनुरक्षण एवं विशेष मरम्मति कार्य हेतु आमंत्रित NIT No–40/2023–24 अन्तर्गत हजारीबाग जिला के पैकज संख्या– JH-M-HAZ-01 / 2023-24 की निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०
,राँची

PR 306196 Rural Work Department(23-24)#D



## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-08/2023-24 Date – 02/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 13/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 30/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 03/10/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 04/10/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga (2) Superintending Engineer, M.I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi till 03.10.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Peshrar | Construction of Check dam on Karambotha River at vill – Hendehas. | 59.436 | 0.10000 | 1.18900 | 11 Months |

**Note: -Only e-Tender will be accepted**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR 306169 (Lohardaga) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **05/2023-24/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **04.09.2023**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत (4515) निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ RAMGARH/ 05/2023-24 | नवाडीह पंचायत के हरवे मुख्य पथ से पन्दनाटॉड़ तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई 1.00 कि0मी0) | 9793800.00 | सन्तान्बे लाख तिरान्बे हजार आठ सौ रू0 मात्र | 6 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 11.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 27.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 29.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (29.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 30.09.2023 अपराह्न 11.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709388730
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ के पक्ष में एवं रामगढ़ में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 306184 Rural Work Department (23-24)_D



Govt. of Jharkhand

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**50**/23-24 Dated **02.09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Construction of H.L. bridge over Damodar river at Giddi – Bhurkunda road in Ramgarh District in the state of Jharkhand. including its approaches, Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 250 m, |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 05.09.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fe e and EMD) | 12.09.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 13.09.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division, A.P**
**Road Construction Department, Ranchi**

PR 306157 Road (23-24)_D



## कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

**खुली डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकर को अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक तीन वर्ष के लिए खुले डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती **दिनांक 13/09/2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न** में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।

उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 20/09/2023 या इसकी अंतिम तिथि 26/09/2023 को होगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| | | | अंचल – पाँकी | | | |
| 1 | मंगलपुर आहर | 118 | 872 | 1.32 | 0.95 | 3000.00 |
| 2 | ताल तालाब | 3, 33, 35, 36 | 168, 170, 171, 142, 173,175 | 1.94 | 1.35 | 1500.00 |
| 3 | सीरम तालाब | 79 | 520 | 1.69 | 1.20 | 10000.00 |
| 4 | डंडारकला तालाब | 414 | 668, 667, 663 | 0.81 | 0.46 | 3500.00 |
| 5 | पाँकी बाजार तालाब | 01 | 237, 3 | 0.41 | 0.36 | 1600.00 |
| 6 | चोरेया आहर | 64 | 229 | 1.14 | 1.07 | 3000.00 |
| 7 | पाँकी पईन तालाब | 308 | 2845, 2475 | 0.14 | 0.14 | 2000.00 |
| 8 | उचहरा तालाब | 21 | 42 | 1.56 | 1.25 | 5000.00 |
| | | | अंचल – विश्रामपुर | | | |
| 9 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 10 | रकसाहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 11 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | - | - | 3000.00 |
| 12 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3000.00 |
| | | | अंचल – पाण्डू | | | |
| 13 | कुटमू मछली घाट | - | - | 7.00 | 6.12 | 2000.00 |
| | | | अंचल – मनातू | | | |
| 14 | झरीबा नाला | - | - | 20.00 | 13.62 | 10000.00 |

**डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ) जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR306203 (Fish)23-24*D

## न्यूज रील्स

### चंद्रयान-3 के काउंटडाउन को आवाज देनेवाली वैज्ञानिक का निधन

**चेन्नई।** चंद्रयान-3 के लांच काउंटडाउन को आवाज देनेवाली इसरो वैज्ञानिक वलारमथी का हार्ट अटैक से निधन हो गया। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया गया था। रॉकेट फायर करने से पहले उलटी गिनती को ही काउंटडाउन कहा जाता है। इस काउंट डाइन को वलारमथी ने ही किया था। उनके निधन से इसरो के वैज्ञानिकों में शोक है।

### सोनिया ने आज कांग्रेस संसदीय दल की बैठक बुलायी

**नयी दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र की रणनीति पर चर्चा के लिए सोनिया गांधी ने 5 सितंबर को कांग्रेस संसदीय दल की बैठक बुलायी है। केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर के लिए संसद में विशेष सत्र बुलाया है। बैठक में सत्र को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगा।

### बाराबंकी में तीन मंजिली इमारत गिरी, दो की मौत

**बाराबंकी।** उत्तरप्रदेश के बाराबंकी में सोमवार सुबह एक तीन मंजिला इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी है। इसमें 12 लोगों को बचाया गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मणिपुर सीएम ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ एफआइआर करायी असम। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी। गिल्ड पर राज्य में हिंसा को बढ़ावा देने की कोशिश का आरोप है।

# बस पर हाथी ने किया हमला




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सड़क पर यात्री बस पर हमला। जब बस के अंदर यात्री थे तभी जंगली हाथी ने हमला कर दिया और बस का अगला शीशा तोड़ दिया। वहां मौजूद लोगों द्वारा शोर मचाने के बाद जंगली हाथी ने बस को छोड़ कर लोगों को मारा ने के लिए दौड़ा। इस तरह के वीडियो का दृश्य वायरल हो रहा है। जब किसी ने इसे मोबाइल पर कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे रायगड़ा से आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुर जा रही श्रीविजय दुर्गा बस को एक जंगली हाथी ने रोक दिया। पार्वतीपुर से 5 किमी दूर आर्थम गांव के पास कालिकुट चौक के पास हाथी ने बस को रोक दिया और बस को परेशान किया। जानकारी के मुताबिक आर्थम गांव के आसपास सब्जियों और केले की खेती की जा रही है। इसलिए जंगली हाथी भोजन की तलाश में बार-बार गांव की ओर आ रहे हैं। अचानक बस को देखकर जंगली हाती रास्ता पर रुक गया और बस पर हमला कर आगे का शीशा को तोड़ दिया । इसे देख कर बस में सवार जात्रियों ने घबरा गये, बताया गया है कि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ है।

# भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से गोमांस का पैकेट जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से गोमांस का पैकेट जब्त। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर सभी पैकेट जब्त कर लिये। आरपीएफ मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। खबरों के मुताबिक, कुछ पैकेट भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर रखे गए थे। जिसे विशाखा ट्रेन से सिकंदराबाद भेजा जाना था। इस को लेकर गो सेवा रक्षको ने जीआरपी से अभियोग किये थे। बाद में जीआरपी और आरपीएफ ने मिलकर पैकेट जब्त कर लिया। पैकेट खोलने पर उसमें गोमांस निकला। साथ ही इस घटना में एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। इसी तरह इस घटना में और कौन शामिल है। इस रैकेट की जड़ कहां तक फैली हुई है। हिरासत में लिये गये व्यक्ति से पूछताछ के बाद सच्चाई सामने आ जायेगी।

# पूर्व तट रेलवे वित्त वर्ष 2023-24 में 100 मिलियन टन माल ढुलाई करनेवाला पहला रेलवे होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** चालू वित्तीय वर्ष के पहले पांच महीनों के दौरान, अर्थात 1 अप्रैल से 31 अगस्त, 2023 तक, पूर्व तट रेलवे ने 100.90एमटी माल लदान किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 97.13 एमटी माल ढुलाई की गयी थी। इसके साथ ही इसने चालू वित्त वर्ष के दौरान 3.9% की वृद्धि दर्ज करते हुए 3.77 एमटी वृद्धिशील कार्गो लोड किया है।

माल ढुलाई के प्रमुख योगदानकताओं में तालचेर, पारादीप, धमारा, विशाखापत्तनम, गंगावरम, क्योंझर, के के लाइन, स्टील प्लांट, एल्युमीनियम प्लांट और पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार के अन्य स्थान शामिल हैं। इस अवधि के दौरान, खुर्दा रोड डिवीजन से 63.59एमटी माल, वाल्टेयर डिवीजन से 29.75 एमटी माल और संबलपुर डिवीजन से 7.54एमटी माल की ढुलाई की गयी । केवल अगस्त 2023 में, पूर्व तट रेलवे ने 2.7% अधिक माल ढुलाई दर्ज करके 2022 के समान समय में 19.90 मीट्रिक टन की तुलना में 20.43एमटी माल ढुलाई की है।

### यह पूर्व तट रेलवे के तीनों डिवीजनों खुर्दा रोड, वाल्टेयर और संबलपुर

के उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण संभव हो सका। इस अवधि के दौरान, पूर्व तट रेलवे ने 61.30 मीट्रिक टन कोयला, इस्पात संयंत्रों के लिए 3.33 मीट्रिक टन कच्चा माल, 8.21 मीट्रिक टन लौह और इस्पात, 11.68 मीट्रिक टन लौह अयस्क, 0.76 मीट्रिक टन सीमेंट, 1.29 एमटी मीट्रिक टन खाद्यान्न, 2.57 मीट्रिक टन उर्वरक, लोड किया है। 1.24 पीओएल, 1.76एमटी माल कंटेनरों में और 8.76 एमटी अन्य कार्गो लोड किया गया।

# विशेष ट्रेनों की सेवाएं विस्तारित

- भंजपुर-पुरी-भंजपुर (बारीपदा) और संतरागाछी-पुरी-संतरागाछी स्पेशल सितंबर 2023 के अंतिम सप्ताह तक चलेंगी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुरी-संतरागाछी-पुरी और पुरी-भंजपुर-पुरी स्पेशल ट्रेनों की सेवा को एक महीने और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

### संतरागाछी-पुरी-संतरागाछी विशेष

02837/02838 सांतरागाछी-पुरी-संतरागाछी स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को सांतरागाछी से छूटती है और प्रत्येक शनिवार को पुरी से छूटती है, जिसे 30 सितंबर 2023 तक बढ़ा दिया गया है।

### भंजपुर (बारीपदा)-पुरी-भंजपुर स्पेशल

08011/08012 भंजपुर (बारीपदा)-पुरी- भंजपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल भंजपुर से प्रत्येक गुरुवार और शनिवार को और पुरी से प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को छूटती है, जिसे 1 अक्टूबर 2023 तक बढ़ा दिया गया है।

उपरोक्त ट्रेनों के लिए कई स्टेशनों पर निर्धारित ठहराव और समय अपरिवर्तित रहेंगे।

### ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव


दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत गोइलकेरा स्टेशन पर कलिंग उत्कल एक्सप्रेस और इस्पात एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया है। 12871 हावड़ा-टिटिलागड इस्पात एक्सप्रेस 1150 बजे गोइलकेरा पहुंचेगी और 1151 बजे रवाना होगी। टिटिलागड से प्रस्थान करने वाली 12872 टिटिलागड-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस 3 सितंबर 2023 से दोपहर 12:21 बजे हावड़ा पहुंचेगी और 12:22 बजे हावड़ा की ओर प्रस्थान करेगी। 18477/18478 पुरी-योग सिटी रुसिकेश-पुरी कीलिंग उत्कल एक्सप्रेस 3 सितंबर 2023 से गोइलकेरा स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान करेगी। पुरी से यह ट्रेन 07:39 बजे आएगी और 07:40 बजे ऋषिकेश के लिए रवाना होगी। ऋषिकेश से यह ट्रेन 16:12 बजे आयेगी और 16:13 बजे पुरी के लिए रवाना होगी।


# रक्षा मंत्री ने राजस्थान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में कांग्रेस पर साधा निशाना

# 'राहुलयान' की न लांचिंग हो पायी, न लैंडिंग: राजनाथ सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रामदेवरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चंद्रयान की लांचिंग और लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गयी, लेकिन 'राहुलयान' की 20 साल से न तो लांचिंग हो पायी और न ही लैंडिंग हो पायी है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान भ्रष्टाचार के मामलो में नंार एक पर है। राजस्थान में पेपर लीक हो रहे हैं। सीएम गहलोत जिस गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं, उसका क्लच और एक्सेलेरेटर कोई और दाबा रहा है। राजनाथ सोमवार को रामदेवरा में भाजपा की तीसरी परिवर्तन संकलप यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहला सभा को संबोधित कर रहे थे। यह यात्रा जोधपुर संभाग में 20 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि 5-5 परमाणु परीक्षण इसी भूमि पर हुए हैं। यह भूमि कई मायनों में गौरव बढ़ाने वाली है। 1998 में भारत ने जो छलांग परमाणु परीक्षण कर लगायी थी।




# डोरंडा में संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर कई निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**खोरीमहुआ।** धनवार विधानसभा स्तरीय 8 सितंबर को डोरंडा में होने वाले भाजपा का संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह ने सोमवार को डोरंडा मंडल की बैठक में कई दिशा निर्देश देकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक डोरंडा मंडल अध्यक्ष प्रधुम्न वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह उपस्थित थे। उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि डोरंडा स्थित शिव दुर्गा न्यास मंदिर प्रांगण में संकल्प यात्रा हेतु एक भव्य जनसभा का आयोजन किया जान है। इस निमित सभी कार्यकताओं को जोर शोर से लगे रहना है। तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत के गांव गांव जाकर लोगों को संकल्प यात्रा के लिए आमंत्रित करना है। जबकि डोरंडा मंडल अध्यक्ष प्रधुम्न वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में डोरंडा मंडल के लगभग 5 हजार की संख्या में लोग सामिल होंगे। मौके पर मंडल के महामंत्री मदन राय, राजू पांडेय, मदन शर्मा, रामनिवास पांडेय, मनोज राम, विजय सिंह, भोला राय, राम, रामदेव राम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**